


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 145 | ग्वालियर मंगलवार, 14 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### लश्कर-ए-तैयबा के एक ठिकाने का भंडाफोड़, 24 घंटे में हथियारों का तीसरा बड़ा जखीरा जब्त

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया है. इसके साथ पुलिस ने यहां से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है. यह ठिकाना दक्षिण



कश्मीर के अनंतनाग जिले के राख मोमिन इलाके में पड़ता है. पुलिस के मुताबिक इस इलाके में पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम की तलाशी के दौरान इस आतंकी संगठन के इस्तेमाल किए जाने वाले एक सक्रिय ठिकाने को ध्वस्त किया गया.पुलिस अधिकारी के मुताबिक,रविवार-सोमवार की रात एक खास इनपुट मिला था. इस पर कार्रवाई के दौरान अनंतनाग पुलिस और सेना के 1 आरआर की संयुक्त टीम ने रख मोमिन इलाके में सर्च ऑपरेशन को अंजाम दिया. इस दौरान लश्कर-ए-तैयबा के ठिकाने का पर्दाफाश हुआ. जम्मू-कश्मीर पुलिस को ठिकाने की तलाशी के दौरान आईईडी, पिस्टल, डेटोनेटर सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया.24 घंटे के दौरान ये तीसरी बार है जब पुलिस ने हथियारों की इतनी बड़ी खेप जब्त की है. हथियारों के इस जखीरे में पांच आईईडी (05), पीटीडी के प्रोग्राम्ड टाइमर डिवाइस और रिमोट कंट्रोल आईईडी, डेटोनेटर (06), पिस्टल (03), पिस्टल मैगजीन (05 नंबर), 9 एमएम कैलिबर के गोला-बारूद (124), रिमोट कंट्रोल (04) शामिल हैं. इसका केस थाना बिजबेहरा में प्राथमिकी संख्या 58/2023 के तहत दर्ज किया गया है. हालांकि अभी तक हथियार बरामदगी मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच शुरू कर दी गई है.दरअसल शनिवार (11 मार्च) को भी जम्मू कश्मीर पुलिस (छ्ठ्न्च ने आतंकी संगठन का एक ठिकाना पकड़ा था. ये ठिकाना उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में था. पुलिस ने बताया था कि शालनार हैंगनीकूट इलाके से बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं. जानकारी के मुताबिक हैंगनी कूट से 2 मैगजीन और 75 राउंड के साथ एक एके 47, 10 ग्रेनेड, 26 ङ्घत्तरु ग्रेनेड, 8 बूस्टर, 2 फ्लेम थ्रोअर, 5 रॉकेट शेल और 3 रॉकेट बूस्टर जब्त किए गए थे. पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी.इससे 4 दिन पहले ही जम्मू कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के कुंजर से लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया था. प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, पुलिस ने इन दोनों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया था. इनके पास से पुलिस को दो एके 47 मैगजीन- 2 नंबर, 15 एके 47 राउंड और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन (स्द्गञ्ज) के 20 खाली पोस्टर मिले थे.

### मास्क, वैक्सीन और सैनिटाइजेशन... फ्लू के बढ़ते मामलों पर डॉ. रणदीप गुलेरिया ने किया सावधान



देश में मौसमी इंफ्लूएंजा के बढ़ते मामलों के बीच हेल्थ एक्सपर्ट्स ने फ्लू वैक्सीन ड्राइव पर जोर देने की बात कही है. ॥2 इन्फ्लूएंजा के तेजी से फैलने के बारे में चेतावनी देते हुए पद्म श्री डॉ. रणदीप गुलेरिया ने सोमवार (13 मार्च) को कहा कि लोगों को फेस मास्क का उपयोग करने और लगातार हाथ सैनिटाइज करने की जरूरत है. उन्होंने यह भी कहा कि सभी को वैक्सीन लगाई जानी चाहिए.मौसमी इंफ्लूएंजा के चलते देश में अब तक दो मौतें हो चुकी हैं. कर्नाटक और हरियाणा में एक-एक व्यक्ति की मौत होने की पुष्टि हुई है. डॉ. रणदीप गुलेरिया ने राष्ट्रीय कोविड टास्क फोर्स का नेतृत्व किया था. उन्होंने कहा कि या तो लोग कोविड-उपयुक्त व्यवहार (सीएबी) का पालन कर सकते हैं या फिर वैक्सीन ले सकते हैं. डॉ. रणदीप गुलेरिया नागपुर में एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (एएमएस) की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में बोल रहे थे.यह पूछे जाने पर कि क्या मास्क को फिर से अनिवार्य किया जाना चाहिए, डॉ गुलेरिया ने कहा कि मास्क का उपयोग करने की आवश्यकता है क्योंकि ये एक छोटी बूंद का संक्रमण है और खांसी से फैलता है. कभी-कभी बच्चे स्कूलों में संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं और इसे उन बुजुर्गों को दे देते हैं जो अधिक गंभीर बीमारी से पीड़ित होते हैं. इसलिए हमें मास्क पहनना चाहिए, नियमित रूप से हाथ धोना चाहिए और सामाजिक दूरी भी बनाए रखनी चाहिए. डॉ. गुलेरिया ने कहा कि दूसरा विकल्प उच्च जोखिम वाले समूह को अलग रखना है. जैसे कि बुजुर्ग और अन्य बीमार लोगों को अलग-थलग करना और सभी के लिए टीकाकरण पर जोर देना. उन्होंने कहा कि इन्फ्लूएंजा जैब हर साल एक नए टीके के रूप में आता है और ये टीका इन्फ्लूएंजा ए और बी और उनके सबटाइप को भी कवर करता है. उन्होंने कहा कि इन्फ्लूएंजा की लहर एक वार्षिक घटना है, लेकिन इस साल कई कारणों से संक्रामकता अधिक है. इन्फ्लुएंजा ए सबटाइप एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) 2009 में प्रमुख वायरस था. अब हम एच3एन2 देख रहे हैं, ये इन्फ्लूएंजा ए का एक सबटाइप है. ये पहले भी सामने आया था, लेकिन इस बार इसमें एक अलग जीन है और इसलिए अधिक संक्रामक है. हम कोविड-उपयुक्त व्यवहार (सीएबी) का पालन कर रहे हैं जो सभी सांस की बीमारियों पर लागू होता है,

# पीएम मोदी को कांग्रेस टक्कर दे पाएगी या नहीं बहुत कुछ तय कर देंगे ये इस राज्य के चुनावी नतीजे

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का कितना असर रहा है वो आने वाले कुछ महीनों में पता चल जाएगा. इसी साल के आखिरी तक कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव होने हैं. साल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इन चारों राज्यों के चुनावी नतीजे देश की राजनीति की तस्वीर साफ कर देंगे. कांग्रेस के सामने ये वर्ष एक बहुत बड़ी चुनौती तो है ही साथ ही पार्टी पीएम मोदी को टक्कर देने के लायक बची है या नहीं ये भी तय हो जाएगा.कांग्रेस के इस इम्तिहान की शुरुआत दक्षिण से ही होगी जहां कर्नाटक विधानसभा चुनाव होने हैं. कर्नाटक नतीजे मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में मनोवैज्ञानिक असर डाल सकते हैं. इसके साथ ही दक्षिण की 129 लोकसभा सीटों पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है.दरअसल दक्षिणी राज्यों में कर्नाटक एक ऐसा राज्य है जहां बीजेपी और कांग्रेस की सीधी टक्कर होती है. तीसरी ताकत यहां जेडीएस भी है जो कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बना चुकी है. लेकिन अब यहां पर बीजेपी की सरकार है और सीएम बसवराज बोम्मई हैं. इस राज्य में कांग्रेस अगर चुनाव जीतती है तो एक बूस्टर डोज तो मिलेगा ही साथ ही विपक्ष में वो एक बार खुद को मुख्य दल साबित करने का मौका मिल सकता है. कर्नाटक कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का गृह राज्य है. बीजेपी की पूरी कोशिश होगी कि इस राज्य में कांग्रेस को हराकर पूरे राष्ट्रीय नेतृत्व पर सवाल खड़ा कर दिया जाए.बीजेपी ने राज्य के अपने सबसे वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को 17 फीसदी आबादी वाले लिंगायत समुदाय के लोगों से संवाद स्थापित करने में लगा दिया है. हालांकि येदियुरप्पा ने हाल ही में चुनावी राजनीति से संन्यास की भी घोषणा की है लेकिन पार्टी के लिए सक्रिय रहने की भी बात कही है. दूसरी ओर बीजेपी ने प्रधानमंत्री पीएम मोदी ने बैंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया है. जिसकी तस्वीरें येदियुरप्पा की तैनातगी पर कांग्रेस की ओर से चुटकी भी ली गई है. पार्टी के



मोदी के जरिए विकास कार्यों के प्रचार की रणनीति बनाई है. 12 मार्च को ही सोशल मीडिया पर वायरल हैं.लिंगायत वोटरों को लुभाने के लिए बीएस कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि बीजेपी अभी तक ये फैसला नहीं कर पाई है कि बीएस येदियुरप्पा को उनके भ्रष्टाचार के चलते इतिहास के कूड़ेदान में फेंक दिया जाए या फिर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों उनका सम्मान कराया जाएइसके साथ ही कांग्रेस भी लिंगायतों को लुभाने के लिए आक्रमक रणनीति पर काम कर रही है. पार्टी ने इस समुदाय से आने वाले नेताओं को इसकी जिम्मेदारी दी है. एमबी ,पाटिल, लक्ष्मी हेबालकर, विजयनंद, विनय कुलकर्णी, शिवानंद पाटिल और यशवंत राव पाटिल शामिल हैं.कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि बीजेपी ने पंचमशाली लिंगायतों का अपमान किया है. इससे लोगों में गुस्सा है. कांग्रेस इस समुदाय से आने वाले लोगों को उचित प्रतिनिधित्व देगी. वहीं कांग्रेस ने प्रदेश पार्टी अध्यक्ष डीके शिवकुमार को वोकालिंगा समुदाय के लोगों को पाले में करने के जिम्मेदारी है. इस समुदाय का कुल आबादी में हिस्सा 14 फीसदी है.

## समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का मामला एससी ने 5 जजों की संविधान पीठ को सौंपा, 18 अप्रैल को होगी

सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का मामला सोमवार (13 मार्च) को 5 जजों की संविधान पीठ को सौंप दिया. इसकी अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी. याचिका में स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत समलैंगिक विवाह के रजिस्ट्रेशन की मांग की गई है. केंद्र ने कहा है कि यह भारत की पारिवारिक व्यवस्था के खिलाफ है. इसमें कानूनी अड़चनें भी है.सुप्रीम कोर्ट ने छह जनवरी को समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने के मुद्दे पर देश भर के विभिन्न हाई कोर्ट के समक्ष लंबित सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़ते हुए उन्हें अपने पास स्थानांतरित कर लिया था. हाई कोर्ट में दाखिल हलफनामे में रविवार (12 मार्च) को केंद्र सरकार ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के जरिये इसे वैध करार दिये जाने के बावजूद,



याचिकाकर्ता देश के कानूनों के तहत समलैंगिक विवाह के लिए मौलिक अधिकार का दावा नहीं कर सकते हैं. केंद्र सरकार ने एफिडेविट में कहा कि विवाह, कानून की एक संस्था के रूप में, विभिन्न विधायी अधिनियमों के तहत कई वैधानिक परिणाम हैं. इसलिए, ऐसे मानवीय संबंधों की किसी भी औपचारिक मान्यता को दो वयस्कों के बीच केवल गोपनीयता का मुद्दा नहीं माना जा सकता है. हलफनामे में आगे कहा गया कि भारतीय लोकाचार के आधार पर ऐसी सामाजिक नैतिकता और सार्वजनिक स्वीकृति का न्याय करना और उसे लागू करना विधायिका का काम है. भारतीय संवैधानिक कानून न्यायशास्त्र में किसी भी आधार के बिना पश्चिमी निर्णयों को इस संदर्भ में आयात नहीं किया जा सकता है.

### आप सरकार ने बढ़ाई विधायको मंत्रियों की सैलरी



दिल्ली सरकार के मंत्रियों और दिल्ली विधानसभा के सदस्यों के वेतन और भत्तों में 66 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोत्तरी की है. विधायकों को अब हर महीने 54 हजार की जगह 90 हजार रुपये मिलेंगे. इसके अलावा मंत्रियों और मुख्यमंत्री का वेतन अब 1.70 लाख रुपए प्रति माह कर दिया गया है. चलिए आपको सिलसिलेवार बताते हैं

### 51 शक्तिपीठों में से एक अंबाजी मंदिर अब यहां प्रसाद को लेकर मचा बवाल

गुजरात के अंबाजी मंदिर में प्रसाद को लेकर राजनीति शुरू हो चुकी है. कांग्रेस इस मामले को लेकर बीजेपी सरकार पर हमलावर है. गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश ठाकोर ने इस मामले में बीजेपी पर लोगों की भावना के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है. उनका आरोप है, ÷बीजेपी सरकार पैसा कमाने की वजह से मंदिर की परंपरा से छेड़छाड़ करने की



कोशिश कर रही है.कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि अंबाजी मंदिर में हमेशा से ही मोहनथाल प्रसाद चढ़ता रहा है. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रसाद की पुरानी व्यवस्था को नहीं लागू किया जाता, तो पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन करेगी. वहीं सरकार ने चिक्की प्रसाद का समर्थन किया है. सरकार की दलील है कि चिक्की लंबे समय तक खराब नहीं होती है, साथ ही इसे बाहर रहने वाले भक्त ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं. अंबाजी में मोहनथाल की जगह सूखे प्रसाद चिक्की के वितरण करने के खिलाफ अब हिंदू संगठनों ने भी मोर्चा खोल दिया है. इस मुद्दे पर वीएचपी सहित अन्य हिन्दू संगठनों ने मंदिर प्रशासन को 48 घंटों का अल्टीमेटम दिया है. वहीं सरकार के प्रवक्ता मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा, ÷अंबाजी में श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अंबाजी मंदिर ट्रस्ट की ओर से पौष्टिक और सेहतमंद चने का भोग लगाया गया

## राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज हो देशद्रोह का मुकदमा, बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने की मांग

राहुल गांधी के ब्रिटेन में जाकर संसद के मुद्दे पर बयान को लेकर विरोध जारी है. अब बीजेपी नेता और सांसद गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है. एक दिन पहले रविवार (12 मार्च) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी के बयान पर निशाना साधा था.गिरिराज सिंह ने कहा विदेश जाकर संसद पर बयान देने के मुद्दे पर राहुल गांधी के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा होना चाहिए. उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से भी राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.गिरिराज ने कहा, ÷कोई व्यक्ति देश के बाहर प्रधानमंत्री को अपमानित करता है वो देश का अपमान करता है. ये टुकड़े टुकड़े गैंग की भाषा बोलते हैं. इनपर देशद्रोह का मुकदमा होना चाहिए.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दिन पहले कर्नाटक के हुबली में एक




जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान पर निशाना साधा था. पीएम मोदी ने कहा था, ÷भारत न केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि लोकतंत्र की जननी है. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लंदन में भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाए गए. कुछ लोग लगातार भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठा रहे हैं.पीएम ने आगे कहा कि कुछ साल पहले ही मुझे लंदन में भगवान बसवेश्वर की प्रतिमा का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला था लेकिन अब लंदन में भी भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाए गए.सोमवार (13 मार्च) को राज्यसभा में बीजेपी नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के बयान का मुद्दा उठाया और कांग्रेस नेता से माफी की मांग की. पीयूष गोयल ने कहा, बड़े शर्मनाक तरीके से में एक विपक्षी नेता ने विदेश में जाकर भारत की न्यायपालिका, सेना, चुनाव आयोग और सदन का अपमान किया. विपक्षी नेता ने गलत आरोप लगाए हैं. उन्हें सदन में आकर देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए.

## ममता बनर्जी का सॉफ्ट हिंदुत्व पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव पर है नजर

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आजकल सॉफ्ट हिंदुत्व की राजनीति कर रही हैं. टीएमसी चीफ हिंदू वोट साधने के लिए हर वो काम कर रही हैं जिससे इस समुदाय का झुकाव उनकी तरफ हो सके. इसी क्रम में उन्होंने गंगा आरती की शुरुआत की है. ये आरती उसी जगह हो रही है जहां पर बीजेपी को आरती करने से ये कह कर मना कर दिया था कि गंगा सागर में भीड़ बहुत होती है.इसे सीएम बनर्जी के सॉफ्ट हिंदुत्व कार्ड के तौर



पर देखा जा रहा है. सरकार के इस आयोजन को पंचायत चुनाव के पहले हिन्दू वोट बैंक को साधने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है. पश्चिम बंगाल की राजनीति में आरती की बड़ी भूमिका हो गई है क्योंकि ममता बनर्जी की नजर उन 1 करोड़ वोटर्स पर है जो हिंदी भाषी हैं और कई सालों से पश्चिम बंगाल में रह रहे हैं.बीजेपी युवा मोर्चा के नेता इंद्रनील खान ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ÷यह बहुत दिन पहले करना था, लेकिन 34 सालों तक वाम का शासन चला. उसके बाद ममता बनर्जी को पिछले 12 साल तक ये याद नहीं आया. हमलोग बार-बार गंगा आरती के बारे में बोल रहे थे और हम लोग खुद जब गंगा आरती करने गए तो हमारे प्रदेश की अध्यक्ष माननीय सुकांता मजूमदार को ममता बनर्जी की पुलिस ने रोका था. उन्होंने आगे कहा कि ये और कुछ नहीं सिर्फ बीजेपी की नकल की जा रही है.तो वहीं तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत रॉय ने आरोपों को झुठलाते हुए कहा, गंगा के साथ लगाव तो तृणमूल कांग्रेस का पहले से है. गंगा एक नदी है, जो पश्चिम बंगाल के बीच से मालदा मुर्शिदाबाद से समुद्र तक जाती है. गंगा हमें जीवन देती है तो गंगा की पूजा करने में कोई हिंदुत्व कार्ड नहीं है. गंगा हमें जान देती है. वही गंगा को नमन करना है.÷ उन्होंने आगे कहा कि पंचायत का चुनाव तो जल्द ही होगा. इसके साथ गंगा आरती का कोई संपर्क नहीं है. आप देखेंगे तो ज्यादातर तो शहरी इलाका हो जाता है.÷

## अखिलेश यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, आय से अधिक संपत्ति मामले में क्या कुछ कहा

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार (13 मार्च) को बड़ी राहत मिली. कोर्ट ने उनके पिता स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव और उनसे जुड़े आय से अधिक संपत्ति मामले में आगे सुनवाई से मना कर दिया. चीफ जस्टिस डी वाई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि 2013 में सीबीआई ने प्राथमिक जांच के बाद मामला बंद कर दिया था. मुलायम सिंह यादव का भी निधन हो चुका है. इसलिए अब सुनवाई की ड़रूरत नहीं. कोर्ट ने याचिकाकर्ता की यह मांग भी ठुकरा दी कि सीबीआई को उन्हें अंतिम रिपोर्ट की कॉपी देने का निर्देश दिया जाए. साल 2005 में विश्वनाथ चतुर्वेदी नाम के वकील ने यूपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह, उनके बेटे अखिलेश यादव, बहु डिंपल यादव और दूसरे बेटे प्रतीक यादव के ऊपर आय से करोड़ों अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाते हुए जनहित याचिका दायर की थी. 1 मार्च 2007 को सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को इस आरोप की प्राथमिक जांच का आदेश दिया. अक्टूबर 2007 में सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि शुरुआती जांच में उसे मुकदमा दर्ज करने लायक सबूत मिले हैं। 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने डिंपल को जांच के दायरे से बाहर कर दिया। मुलायम, अखिलेश और प्रतीक के खिलाफ जांच चलती रही. मार्च 2019 में याचिकाकर्ता ने नया आवेदन दाखिल कर आरोप लगाया कि सीबीआई ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल रखा है. लिहाजा कोर्ट सीबीआई से स्टेटस रिपोर्ट मांगे.



मामले की सुनवाई कर रहे तत्कालीन चीफ जस्टिस रंजन गोगोई और जस्टिस दीपक गुप्ता की बेंच ने इस बात पर हैरानी जताई कि 12 साल बाद भी जांच में हुई तरक्की की किसी को जानकारी नहीं है. सीबीआई ने चौंकाने वाला जवाब देते हुए कहा कि उसे शुरुआती जांच में नियमित एफआईआर दर्ज करने लायक सबूत नहीं मिले थे. इसलिए, अगस्त 2013 में ही जांच बंद कर दी गई थी। सीबीआई ने जवाब में आगे लिखा कि उसने अपना कानूनी दायित्व निभाते हुए अक्टूबर 2013 में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) को इस बात की जानकारी दे दी थी. उसने सीवीसी को जांच बंद करने के अपने फैसले की विस्तृत वजह भी बताई थी.याचिकाकर्ता ने सीवीसी में आरटीआई आवेदन लगा कर सीबीआई की रिपोर्ट मांगी, लेकिन सीवीसी ने जवाब में कहा कि उसके पास ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं है. उनका आवेदन सीबीआई के मुख्य विजिलेंस अधिकारी को भेजा जा रहा है. आगे की जानकारी के लिए उनसे संपर्क करें. याचिकाकर्ता का दावा है कि सीबीआई ने उन्हें कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई.

# नगरपालिका प्रबंधन की अनदेखी से खाली पड़ा करोडो की लागत से बना सब्जी मार्केट



सब्जी व्यापारियों के लिए बना काम्प्लेक्स



सड़को पर जाम के हालात

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। नगरपालिका प्रशासन द्वारा वर्ष 2016-17 में करोड़ो की लागत से कचौरा मार्केट में सब्जी शॉपिंग काम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया, लेकिन फुटकर एवं हाथ ठेला पर दुकान संचालित करने वालो को नगरपालिका के द्वारा काम्प्लेक्स में भेजनें का कोई प्लान तैयार नहीं किया गया जिससे काम्प्लेक्स पूरा खाली पड़ा रहता है जबकि यह काम्प्लेक्स दुकानदारों के लिए नगर पालिका के द्वारा निर्माण कार्य कराने का मुख्य उद्देश्य था सभी एक जगह दुकानों को लगाये जिससे रोड पर किसी तरह के आवागमन में परेशानी ना हो। इस काम्प्लेक्स का शुभारंभ प्रदेश के वित्तमंत्री रहे जयंत मलैया के द्वारा किया गया था , लेकिन इस भवन के निर्माण को बनाने का जो प्लान नगरपालिका का था उसके मुताबिक वह अभी तक खरी नहीं उतरी और स्थिति जस कि तस बनी है शहर के किसी भी जनप्रतिनिधि को इसकी कोई जिक्र नहीं। काम्प्लेक्स में लोगों के द्वारा कब्जा जमाकर ताले तो लगा लिए गए लेकिन यह सब्जी व्यापारी सड़को पर डेरा डाले रहते है। वर्ष 2017 में नगरपालिका प्रशासन द्वारा करोड़ो कि राशि खर्च करके अत्याधुनिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य कराकर इसे सब्जी विक्रताओ को दे दिया गया था लेकिन इन दुकानदारों को रोड़ से सब्जी शॉपिंग काम्प्लेक्स में विस्तापित करने कि कोई कार्य योजना अभी तक नहीं बनाई गयी।जिससे सड़को पर जाम कि स्थिति बनी रहती है।पुष्पांजली कि टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा तो आवारा लोगो का हुजूम वहां लगा रहता है एवं वहां लगी बिजली का दुरूपयोग लोगों के द्वारा किया जा रहा है दिनभर लाइट पंखे चालू रहते है।शहर की सड़कों पर सब्जी विक्रेताओं की दुकानें पहले की तरह ही वर्तमान में भी लगाई जा रही है।जिससे पर जाम जैसे हालात रोज देखने मिल जायेगे एवं नगरपालिका प्रशासन द्वारा किसी प्रकार कि कोई कार्रवाई नहीं कि जाती नवनिर्मित भवन में अगर सब्जी विक्रताओ को भेज दिया जाये तो निश्चित रूप यातायात भी सुगम हो जायेगा एवं बडे शहर कि तर्ज पर एक जगह सब्जी मिलने का स्थान आम जन के लिए हो जायेगा। इस खबर के सम्बन्ध में जब हमने नगरपालिका सीएमओ भैयालाल सिंह से उनका उनका पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने कई बार फोन लगाने के बाद फोन को रिसीव नहीं किया,जिससे उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

# दमोह से लगभग 16 किलोमीटर दूर हिनौता घाट में बाबा मोहम्मद बाकिर अली शाह रहमतुल्लाह अलेह का भरा उर्स

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** हिनौता घाट मे बाबा मोहम्मद बाकिर अली शाह रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह हिंदू मुस्लिम भाईचारे और गंगा जमुना तहजीब की एक जीती जागती मिसाल है । हिंदू-मुस्लिम हर दिन मिलकर इबादत करते हैं और उर्स के समय हिंदू मुस्लिम मिलकर सभी व्यवस्था संभालते हैं जो भाईचारे का संदेश भी देता है । हर वर्ष के मुताबिक इस वर्ष भी हजरत बाबा रहमतुल्लाह बाकिर अलीशाह का उर्स रंग पंचमी के दिन हिनौता घाट में संपन्न हुआ। इस उर्स में दमोह जिले से ही नहीं सागर आसपास और महाराष्ट्र आदि क्षेत्र से भी सभी जाति धर्म के लोग बाबा की दरगाह पर आते हैं और अपनी मुरादे पाते हैं। इस दरगाह पर उर्स के समय सुबह से ही लगभग पूरा इंतजाम किया जाता है और दिन भर दरगाह पर आने वाले लोगों को लंगर बढ़ता रहता है नियत भरकर लोग लंगर को खाते हैं। थाना जेरठ पुलिस मैं पदस्थ अधिकारी कर्मचारी भी व्यवस्था में लगे रहेइस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग दरगाह पर आते है और मन कि दिली मुरादें पाते ह



# सीएआईई का 15 दिवसीय एग्री बिजनेस कार्निवाल एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 15मार्च से

**ग्वालियर।** नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित संस्था सेंटर फॉर एग्री बिजनेस सीएआईई का एग्री बिजनेस कार्निवाल एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा 15 दिवसीय कार्निवाल 15 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित किया गया है। इस एग्रीबिजनेस कार्निवाल का शुभारंभ कलेक्टर ग्वालियर अक्षय कुमार सिंह करेंगे। इस कार्निवाल में कृषि व्यवसाय नवाचार, एवं रोजगार विषय पर वर्कशॉप एवं सेमीनार होंगे। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को सेंटर फॉर एग्रीबिजनेस इनक्यूबेशन एंड इंटरप्रीन्योरशिप के नोडल ऑफीसर सुधीर सिंह भदौरिया , चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर आदित्य सिंह ने बताया कि इस सेमीनार एवं वर्कशॉप में वित्तीय सलाहकारों द्वारा चर्चा एवं नेपाल यूनीवर्सिटी द्वारा आये विशेषज्ञ द्वारा चर्चा, महिलाएं एवं विद्यार्थियों को एंटरप्रेन्योर शिप ग्वालियर, इनक्यूबेशन ईको सिस्टम और सोशल एंटरप्रेन्योर शिप मिलेटस एंटप्रेन्योरशिप आउटडोर एक्टिविटी एग्जिविशन नेशनल एवं इंटरनेशनल कान्फ्रेंस इंडस्ट्रीज कान्कलेव एग्रो बिजनेस कार्निवाल स्टॉटअप अवार्ड पर प्रतिदिन कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में प्रथम दिन 15 मार्च को ग्रासहुड सेमीनार वर्कशाप का आयोजन किया जायेगा इसमें विभिन्न एनजीओ एवं इससे संबंधित प्रोफेशनल एवं वर्कर शामिल होंगे। 16 मार्च को वित्तीय कार्यशाला में विविध प्रकार के वित्तीय सलाहकार चार्टड एकाउंटेंट एवं बैंकर्स शामिल होंगे। 17 मार्च को वोमेन एंटरप्रेन्योरशिप द्वारा विभिन्न कुटीर उद्यसेगों एवं महिलाओं से संबंधित नवाचार आगे बढाने विस्तृत चर्चा होगी, 18 मार्च को छात्रों विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान एवं इनक्यूबेशन की गतिविधियों एवं महत्ता पर कार्यशाला होगी, 19 मार्च को देश विदेश के विशेषज्ञों द्वारा ईको सिस्टम एवं सोशल एंटरप्रेन्योर शिप की जानकारी दी जायेगी,20 मार्च को मिलेटस की महतता पर मोटे अनाज की चर्चा की जायेगी, 21 से 23 मार्च तक अंतर्राष्टीय सम्मेलन नईदिल्ली में किया जायेगा, 26 से 28 मार्च तक अंतर्राष्टीय सम्मेलन के तहत कृषि एवं एनिमल हस्बेंडरी साइंस एवं तकनीक योजनाओं पर चर्चा की जायेगी, 29 मार्च को इस कार्यशाला में विभिन्न उद्यसेगिक क्षेत्रों के सलाहकारों द्वारा पैनल टॉक एवं वायर सेलर मीट एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन होगा। नोडल ऑफीसर सुधीर सिंह ने बताया कि इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने से लेकर उन्हें उद्योग धंधे लगाने में मदद करने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि इससे अभी कई स्टॉटअप जुडे हैं और कई युवाओं को रोजगार भी मुहैया करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों सहित एग्री आईटी ड्रोन आदि की मदद से खेती करना आदि पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्वालियर के सेंटर को अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। वहीं यह सेंटर कर्नाटक से लेकर मध्यप्रदेश छत्तीसगढ आदि में कई नवाचार कर रहा है।



# हिनौता नरसंहार में हुई 2 हत्याओं के विरोध में ब्राह्मण समाज का महाआंदोलन




रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** जिले के हिनौता नरसंहार में हुई 2 ब्राह्मण वृद्धों कि हत्या के विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज जिला दमोह के द्वारा 14 मार्च को महाआंदोलन कर अस्पताल चौराहा मानस भवन के पास एकत्रित होकर दोपहर 12 बजे पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह एवं कलेक्टर महोदय के नाम एक ज्ञापन सौंपा जायेगा। ज्ञापन देने के लिए हजारों की संख्या में ब्राह्मण बंधु चौराहे पर एकत्रित होकर एसपी ऑफिस जाएंगे और हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी एवं उनके मकान का अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)

Email:- cmogohad@mpurban.gov.in    Add-Fort RoadWard No.14 Gohad District Bhind M.P.

क्रमांक/न.पा./लो.नि/2023/659    गोहद, दिनांक 13.-3.2023

### //संक्षिप्त ऑनलाईन निविदा आमंणत्रम सूचना//

एतद द्वारा केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नगर पालिका परिषद गोहद के कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के 02 अगस्त 2021 से प्रभावी आईएसएसआर (भवन,रोड़,पेयजल) व आज दिनांग तक संशोधित सहित निविदा प्रपत्र अपेन्डिक्स 2.10 पर प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र | NIT क्रमांक व दिनांक | टेण्डर नम्बर |
|---|---|---|
| 1 | क्रमांक/न.पा./लो.नि./2023/645 दिनांक 10.03.2023 | 2023_UAD_259227_1 |

कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर एवं कार्यालयीन समय में लोग निर्माण शाखा में देखी जा सकती है। निविदा में किया गया कोई भी संशोधन उक्त वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से कोई भी प्रकाशन नहीं किया जावेगा। अतः संबंधित जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जावे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोहद
जिला भिण्ड (म.प्र






वाउ विंग्स फॉर ड्रीम्स द्वारा टैलेंट शो- 2023 का सफल आयोजन

# गुजरात के विभिन्न शहरों मे ऑनलाइन ऑडिशन आयोजित किए गए..आयोजित फिनाले में विजेताओं को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर किया गया सम्मानित





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**सूरत-** प्रतिभाओं को मंच मुहैया कराने के लिए वाउ विंग्स फॉर ड्रीम्स द्वारा टैलेंट शो-2023 का सफल आयोजन किया गया।जिसमें गुजरात के विभिन्न शहरों की प्रतिभाओं ने भाग लिया।टैलेंट शो का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया और तीन अलग-अलग आयु वर्ग श्रेणियों में विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।जबकि अन्य सभी प्रतियोगियों को भी प्रमाण पत्र दिया गया।इस योजना के बारे में प्रीति बोकड़िया जैन ने बताया कि टैलेंट शो-2023 गुजरात स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता थी। जिसमें संगीत,नृत्य,गायन,वाद्य यंत्र,अभिनय और रनवे जैसी श्रेणियां रखी गईं।प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग 6 से 17,18 से 35 साल और 35 साल से अधिक की कैटेगरी रखी गई थी।प्रतियोगिता से पहले,गुजरात के विभिन्न शहरों जैसे अहमदाबाद,सूरत,भरूच,वडोदरा, राजकोट,वलसाड,नवसारी से ऑनलाइन ऑडिशन आयोजित किए गए।प्रतियोगिता का फाइनल 19 फरवरी को हुआ।जिसमें डांस जूरी के रूप में सुशांत प्रधान,योग थेरेपिस्ट डिंपल व स्वागत लोहार,सिंगिंग जूरी के रूप में सुर केवल्य म्यूजिक क्लासिस से जॉय सर,भरत मोदी व कृषि भावसार,एक्टिंग जूरी के रूप में कलश जरीवाला,क्वीन ऑफ इंडिया 2022 की विजेता मिस एकता मौजूद रहीं।प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं के नामों की घोषणा की गई।इनमें हार्दिक पटेल,पार्थ पंड्या,उत्सव ध्यामा,दीपक पांचाल,पवन कुमार हिमांशु गज्जर,अंकित बरोट,प्रवीण गढ़वी,हेतल जरीवाला,नीलेश राजपूत,प्रियांशी ठाकुर,दीपशिखा भट्टाचार्य,गौरी जानी,विजय चेतवानी,सुमित मंधाना,गणेश बेहरा, गुजरात से निखिल, गुप्ता, आस्था गांधी,सुमिक्षा मोरे,दर्शन राज,किरण प्रजापति,दैविक समीर नलवडे,शिव वर्मा शामिल थे।पूरे आयोजन के दौरान मुख्य सहयोग एसके इन्वेस्टमेंट की सारिका छापगर व लोकल कलाकर गोविंदा जी रहे।वहीं मीडिया पार्टनर के रूप में द हिन्द टुडे न्यूज ने भूमिका निभाई।जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कुदरत फिल्म से चिराग जी,वाउ विंग्स फॉर ड्रीम्स के स्टाइल आइकन और 2022 की विजेता सोनिया सोनी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं।इसके अलावा सहायक के तौर पर सोहम पटेल,सनी जैन,खुशी रावत,भरत कुकाशिया, मनीष भावसार,ममता भावसार और रवि ने भूमिका निभाई।फाइनल प्रतियोगिता के अंत में आमंत्रित अतिथि के हाथों सभी विजेताओं को ट्रॉफी,मोमेंटो सर्टिफिकेट और उपहार दिया गया।जबकि अन्य प्रतियोगियों को भी सर्टिफिकेट और गिफ्ट दिया गया।यह पूरा आयोजन इवेंट वाउ विंग्स फॉर ड्रीम्स के सीईओ विशाल बोकडिया के द्वारा किया गया।मांतू हलदर ने एंकर के तौर पर समूचे इवेंट का संचालन किया।

# अयोध्यावासी वैश्य समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



**दबोह-** दबोह नगर में रंगपंचमी के अवसर पर अयोध्यावासी वैश्य समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ हुआ।सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत भगवान राम व मणिकुण्डल जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया।तदोपरांत कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सभी को सामूहिक रूप से होली के त्यौहार की बधाई व शुभकामनाएं दी गइ।उसके बाद समाज को आगे ब?ाने व साथ रहकर समाज को विकसित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।होली मिलन समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठजनों व युवाओ ने अपने अपने विचार व सुझाव भी सभी के समक्ष रखे।कार्यक्रम के अंत मे एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली खेली गई व सभी को स्वल्पाहार भी वितरित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन नगर के हिमांशु गार्डन में किया गया।कार्यक्रम में समाज के बुजुर्ग,वरिष्ठजन व युवा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# विद्युत कनेक्शन न होने से लाखों उपकरण हो रहे खराब

**पुष्पांजली टूडे संवाददाता**
**मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**



मालनपुर नगर परिषद ने बनाया कचरा से जैविक खाद बनाने का सेंटर जिसमें नगर परिषद के15 वाडो से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग कर रीसाइक्लिंग खाद बनाने के लिए सेंटर बनाया जिसमें अलग-अलग रखने के लिए लिखकर अलग-अलग स्थान बनाया की जिस पर लिख रखा है जैसे कि प्लास्टिक टीन कांच पॉलिथीन ब्लैक प्लास्टिक बोतल आदि मगर कचरा हर विट में मिक्कर रखा हुआ है जब इसकी जानकारी फीडबैक ट्रस्ट सीनियर मैनेजर भरत कांत त्रिवेदी से ली तो उन्होंने बताया की जगह कम होने के कारण कचरा एक विट में बनता नहीं है जिससे हम मजबूरी में कचरा इकट्ठा रखने पर मजबूर है कुछ कचरा बोरी में भरकर भी रखा जाता है जो कि उद्योग क्षेत्र की रीसाइकलिंग इकाइयों में भेजा जाता है जबकि क्षेत्र से निकलने वाले गीले कचरे से जैविक खाद बनाई जा रही है कजरा रीसर्किल सेंटर पर बिजली ना होने से बिजली के उपकरण ऐसे ही रखे हुए हैं जोकि लाखों रुपए खर्च कर उपयोग के लिए मंगवाए गए हैं

**इनका कहना है**

**हमने बिजली विभाग को पत्र लिख दिया है जल्द कचरा रीसाइकलिंग सेंटर पर बिजली की व्यवस्था की जाएगी नगर परिषद सीएमओ मनोज शर्मा**

शिव महापुराण कथा 21 मार्च से प्रारम्भ।

# 1100 कलश के साथ निकलेगी यात्रा

**उमाकान्त शर्मा पत्रकार**



**भिण्ड।**सिटी कोतवाली इटावा रोड स्थित कुंडेश्वर महादेव उदासीन आश्रम पर नौ दिवसीय श्री संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है जिसमें राष्टीय कथा प्रवक्ता स्वामी श्री योगेश्वरानंद जी उदासीन,के मुखारविंद से कथा रसपान कराई जाएगी प्रातः 5:00 बजे से 12:00 बजे तक मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग निर्माण यज्ञ 12:00 महा रुद्राभिषेक तदोपरांत 2:00 से शाम 6:00 बजे तक श्रीमद् कथा का आयोजन रहेगा।शाम को काशी के विद्वान पंडितों द्वारा गंगा महाआरती होगी उक्त सभी कार्यक्रम परम पूज्य श्रीमहंत श्री श्री 1008 श्री ब्रह्मऋषि जी महाराज के आदेश व सानिध्य में संपन्न होंगे उक्त जानकारी मंदिर के पुजारी विजय महाराज ने दी है उन्होंने कहा है कि गुरुदेव के आदेश से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है 21 मार्च को 1100 मातृशक्ति द्वारा सर पर कलश धारण कर कलश यात्रा कुंडेश्वर महादेव मंदिर से व्यापार मंडल होते हुए बड़े हनुमान जी से होकर मंशापूर्ण पहुंचेगी यहां से उन्हें कुंडेश्वर धाम आकर कथा का श्रीगणेश होगा जिसमें शहर के समस्त भक्तों महिला मंडलों को आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।यह कार्य सनातन धर्म, गौ रक्षा, विश्वकल्याण,राष्ट कल्याण की भावना से किसानों की फसल की रक्षा हेतु सभी के कल्याण के लिए किया जा रहा है

# कुमावत समाज ट्रस्ट मयलसन्द्रा अध्यक्ष गोवरधनलाल दुबलदिया का हैदराबाद में किया सम्मान



**पुष्पाजंली टुडे**

**हैदराबाद।** कुमावत समाज ट्रस्ट मयनसन्द्रा बेंगलुरू संस्था के अध्यक्ष गोवरधनलाल दुबलदिया का हैदराबाद प्रवास के दौरान हरजीराम लालाराम लारना परिवार कुकटप्ली देवेंद्रनगर भवन में आयोजित लालाराम के पुत्रियां मोनिका व सोनू बिटिया के सगाई सामोरह में पधारे वहां भामाशाह गोवरधनलाल दुबलदिया का लारना परिवार एंव समस्त गणमान्य पदाधिकारीयों ने माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। इस क्रम में कुमावत समाज ट्रस्ट हैदराबाद तेलंगाना भवन निर्माणाधीन पर विषेश अतिथि के रूप में पधारे इस अवसर पर कुमावत समाज के नवगठित ट्रस्ट के सदस्य धर्माराम रेड, शंकरलाल माननीया, मोहनलाल दुबलदिया, श्यामलाल बाकरेचा, जवान राम संतोष नगर एंव कुमावत समाज के अध्यक्ष एंव उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों का हैदराबाद तेलंगाना के अध्यक्ष भाकर राम लारना ,प्रकाशचन्द अलोदिया, अमरचन्द अडाणिया, बाबूलाल मानणिया, हेमाराम बोडावड, राजूराम बोडावड, मिश्रीमल अडाणिया एंव समस्त ट्रस्ट बोर्ड सदस्य पदाधिकारी गण महोदय ने साल व माला पहनाकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर कुमावत समाज ट्रस्ट मयलसन्द्रा के अध्यक्ष गोवरधनलाल दुबलदिया ने सभी पदाधिकारी एंव समाज के सदस्यों का आभार व्यक्त किया ।

# हैबाल आईमाता बडेर में महिलाओं ने की शीतला माता की पूजाःअर्चना

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू ।** हैब्बाल में स्थित सीरवी समाज आईमाता बडेर परिसर में राजस्थान के विभिन्न समुदाय की महिलाएं राजस्थानी परिवेश में सज-धजकर माँ शीतला के मंदिर पहुंची और पूजा-अर्चना कर शीतल पकवानों का भोग लगाया। सुबह चार बजे से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी हो गया। हाथ में पूजा की थाली लिए महिलाएं शीतला के भजन गाती हुई मंदिर पहुंची। यहाँ सबसे पहले उन्होंने पथवारी की पूजा की। इसके बाद माँ शीतला को विभिन्न शीतल पकवान अपर्ण किए।माँ शीतला को ठंडे पकवानों का ही भोग लगाया जाता हैं, इसलिए महिलाएं पूजन से ठीक एक दिन पहले शाम को माता को भोग लगाने के लिए बसौड़ा में मीठे चावल, कड़ी, चने की दाल, हलवा, रबड़ी, बिना नमक की पूड़ी, पूए आदि एक दिन पहले ही रात में बनाकर रख लेती हैं. सुबह घर व मंदिर में माता की पूजा-अर्चना कर महिलाएं शीतला माता को बसौड़ा का प्रसाद चड़ाती हैं. पूजा करने के बाद घर की महिलाएं बसौड़ा का प्रसाद अपने परिवार में बांट कर सभी के साथ मिलजुल कर बासी भोजन ग्रहण करके माता का आशीर्वाद लेती हैं। माता को बासा भोग लगाने के कारण इस पूर्व को बासौड़ा के नाम से भी जाना जाता हैं। इस अवसर पर महिला मंडल लक्ष्मी देवी ,सीतादेवी ,मैना बाई ,केलीबाई, इंद्रादेवी, वशनती देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही

# विधायक ने पूंछा परिवार के कमाऊ सदस्य की मौत के बाद कितने परिवार को सहायता दी

**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** ग्वालियर पूर्व विधानसभा से विधायक डा.सतीश सिकरवार ने एक प्रश्न के माध्यम से विधानसभा में पूंछ की मंत्री बताएं की ग्वालियर पूर्व विधानसभा में परिवार के कमाऊ सदस्य की मौत के बाद कितने परिवार की मदद की ।इस प्रश्न के उत्तर में मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने बताया कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु होने पर ग्वालियर पूर्व विधान सभा में 42 व्यक्तियों को एक मुश्त सहायता राशि 20 हजार प्रति हितग्राही के मान से कुल राशि 8, 40,000 रूपये स्वीकृत कर प्रदान की गई। अभी हमारे पास कोई आवेदन लंबित नहीं है। हथियारों के लाइसेंस के सवाल पर गृह मंत्री डा.नरोतम मिश्रा ने जवाब देते हुए कहा कि पिस्टल ,रिवालबर के शस्त्र लाइसेंस बनवाने के लिए सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा अनुसंशा की गई है।2020 से अब तक कितने लाइसेंस बने परिशिष्ट में देखें। जेएएच ग्वालियर में कितने पद रिक्त हैं।इस सवाल के जवाब में मंत्री सारंग ने बताया कि पद रिक्त हैं।रिक्त पद भरने के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इसके साथ ही विधायक डा.सिकरवार ने मुरैना जिले की मुरैना, जोरा और सुमावली विधानसभा में कितनी गोशाल्यें संचालित है और कितनी संख्या में पशु हैं। मंत्री पटेल ने जवाब देते हुए कहा कि 8 गोशालाओं में 467 पशुओं को रखा गया है।

ग्राम पचेरा में तिहरे हत्याकांड के अपराधी अब तक हैं पुलिस के चंगुल से बाहर

# मृतकों में भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष हाकिम प्रसाद त्यागी और उनके दोनों भतीजे की हुई थी निर्मम हत्या

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** ग्राम पंचायत पचेरा मेहगाव के निवासी पीड़ति परिवार रामवीर त्यागी ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि उनके बड़े भाई हाकम प्रसाद त्यागी एवं उनके अन्य दो भतीजे गोलू त्यागी और पिंकू त्यागी कि दिनांक 15 ,01, 2023 को ग्राम पचेरा के कुख्यात अपराधी बंटी उर्फ निशांत त्यागी नरेंद्र त्यागी प्रेम सागर त्यागी प्रशांत उर्फ भोला एवं अन्य लोगों द्वारा एक राय होकर षडयंत्र पूर्वक गोली मारकर हत्या कर दी गई थी उन्होंने बताया आज लगभग 2 माह व्यतीत हो चुके हैं लेकिन उक्त अपराधियों को पुलिस आज तक नहीं पकड़ पाई है हत्या का मास्टरमाइंड आरोपी बंटी उर्फ निशांत त्यागी व नरेंद्र त्यागी तथा प्रेम शंकर त्यागी जो खुलेआम क्षेत्र में घूम रहे हैं और आए दिन मुझे एवं मेरे परिवार जनों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं उन्होंने आगे बताया कि अपराधियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा दस दस हजार का इनाम भी घोषित किया गया है लेकिन उसके बावजूद भी पुलिस ने गिरफ्तार नहीं कर पाई है और ना ही पुलिस द्वारा अपराधियों के आज तक शासन मनसा अनुरूप मकान भी नहीं तोड़े गए हैं जबकि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री का ऐलान है कि हत्या जैसे जघन्य अपराधियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा तथा उनके मकानों को तत्काल जमींदोज किया जाएगा इस मामले में शासन प्रशासन अभी तक मौन है पीड़ति पक्ष के मुखिया रामवीर त्यागी ने आगे बताया उक्त अपराधियों के ऊपर राजनीतिक संरक्षण के चलते आज तक इनके मकान नहीं तोड़े गए हैं और दस दस हजार का इनाम घोषित होने के बावजूद भी अपराधी खुलेआम घूम कर पीड़ति परिवार पर राजीनामा के लिए दबाव बना रहे हैं उन्होंने आगे कहा यदि अपराधियों को 7 दिवस के अंदर गिरफ्तार नहीं किया गया और उनके मकान नहीं तोड़े गए तो पीड़ति परिवार आमरण अनशन करने पर मजबूर होगा तथा आत्महत्या करने के लिए विवश होगा। पीड़ति परिवार रामवीर त्यागी पुत्र स्वर्गीय कैलाश नारायण त्यागी निवासी ग्राम पचेरा थाना मेहगांव जिला भिंड मध्य प्रदेश मोबाइल नंबर 81 208 37805 ।

# ईपीएस पेंशनरों का रास्ता रोको आंदोलन 15 मार्च को

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** ईपीएस पेंशनरों को न्यूनतम पेंशन रुपए 7500 + महंगाई भत्ता दिए जाने सहित अन्य मांगों के समर्थन में ईपीएस - 95 राष्टीय संघर्ष समिति के राष्टीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर दिनांक 15 मार्च बुधवार को प्रातः 11 बजे बस स्टैंड भिंड के सुभाष चंद्र बोस तिराहे पर रास्ता रोको आंदोलन कर बेहद गरीबी हालातों का सामना कर रहे अल्पपेंशन भोगियों की दयनीय स्थिति पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा।प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से राष्टीय संघर्ष समिति इष्ट के जिला अध्यक्ष बी.के.बौहरे ने भिण्ड जिले में निवासरत सभी ईपीएस पेंशनधारकों से उक्त आंदोलन में बढ चढ कर भाग लेने की अपील की है।

# मराठी के कवि, संत एकनाथ

**13 मार्च-एकनाथ षष्ठी: समाज में भक्ति का मार्ग प्रशस्त कर जातिगत भेदभाव को खत्म करने का प्रयास किया।**



■ अशोक 'प्रवृद्ध'

मराठी भाषा, उर्दू-फारसी से दब गई थी। दूसरी ओर संस्कृत के पंडित देशभाषा मराठी का विरोध करते थे। इन्होंने मराठी के माध्यम से ही जनता को जागृत करने का बीड़ा उठाया। एकनाथ की प्रमुख रचनाएँ चतुश्लोकी भागवत, पौराणिक आख्यान और संतचरित्र, भागवत, रुक्मिणी स्वयंवर, भावार्थ रामायण मानी जाती हैं।

शान्तिब्रह्म, ज्ञानी एकनाथ महाराज (1533- 1590) को पूरे महाराष्ट्र में बतौर संत जाना जाता है। संत भानुदास के कुल में उत्पन्न एकनाथ ने संत ज्ञानेश्वर द्वारा प्रवृत्त साहित्यिक तथा धार्मिक कार्यों का सब प्रकार से उत्कर्ष कर महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे भारत के एक महान संत के रूप में ख्याति प्राप्त की। ये संत भानुदास के परपौत्र थे। संत एकनाथ के जीवन के बारे में समुचित जानकारी नहीं मिल पाती, क्योंकि उनके बारे में कहीं पर भी कोई लिखित जानकारी उपलब्ध नहीं। लेकिन ऐसी मान्यता है कि शांति उनका जन्म विक्रम संवत 1590 में महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के पैठन गाँव में देशस्थ ऋग्वेदी परिवार एक कुलीन ब्राह्मण (कुलकर्णी) के घर भारतीय पंचांग (कैलेंडर) के अनुसार चैत्र कृष्ण षष्ठी को हुआ था, जिन्होंने सोलहवीं सदी में अपने जीवन अंतिम काल तक भक्ति आन्दोलन को बढ़ावा दिया।

कतिपय विद्वान उनकी जन्म तिथि 8 नवम्बर 1533 ईस्वी मानते हैं। उनके पिता का नाम सूर्यनारायण तथा माता का नाम रुक्मिणी था। ऐसा विश्वास है कि गोस्वामी तुलसीदास के समान मूल नक्षत्र में जन्म होने के कारण कुछ महीनों के बाद ही इनके माता पिता की मृत्यु हो गई थी। इसलिए बचपन से ही एकनाथ को उनके दादा ने पाला था। चक्रपाणि और सरस्वती उनके दादा और दादी थे। उनके परदादा भानुदास भी वारकरी संप्रदाय से सम्बन्धित संत थे।



संत जनार्दन एकनाथ के गुरु थे और वे सूफी संत थे। एकनाथ को बाल्यकाल से ही आध्यात्मिक ज्ञान और हरिकीर्तन का शौक था। उन्हें अल्पवय में ही कंधे पर वीणा के रूप में तख्ती लिए भगवान के सामने जप में लीन बैठे देखा जाता था। बालक एकनाथ स्वभाव से श्रद्धावान तथा बुद्धिमान थे। बारह वर्ष की आयु में एकनाथ ने देवगढ़ (देवगिरी) के सद्गुरु जनार्दन स्वामी की ब्रह्मनिष्ठा, विद्वत्ता, सदाचार और भक्ति देखकर उनकी ओर आकृष्ट हुए और उन्हें गुरु स्वीकार कर उनके शिष्य हो गए।

चालीस गाँव के मूल निवासी जनार्दन का उपनाम देशपांडे था। वे एक महान भक्त थे। अपने गुरु जनार्दन पंत से एकनाथ ने वेदांत, योग, भक्ति योग सीखा। ज्ञानेश्वरी, अमृतानुभव, श्रीमद्भागवत आदि ग्रन्थों का अध्ययन किया और उनका आत्मबोध जागृत हुआ। उन्हें आत्मसाक्षात्कार हुआ।

ऐसी मान्यता है कि संत एकनाथ ने गुरु की सेवा के लिए अथक परिश्रम किया। वे नाथों के द्वार पर द्वारपाल के रूप में खड़े रहते थे। उन्होंने गुरु कृपा से अपने जीवनकाल में भगवान दत्तात्रेय का दर्शन भी किया था। संत एकनाथ का जीवन आत्म-साक्षात्कार, पूर्णगुरु की कृपा और भगवान दत्तात्रय के दर्शन से धन्य हो गया। संत एकनाथ ने अपनी एक आरती में इस अद्भुत दर्शन का वर्णन किया है। गुरु के साथ तीर्थ यात्रा करने के बाद संत एकनाथ ने गुरु की आज्ञानुसार गृहस्थाश्रम स्वीकार किया। एकनाथ का विवाह पैठण के निकट वेजापुर की गिरिजाबाई से हुआ। एकनाथ और गिरिजाबाई की दो पुत्री- गोदावरी व गंगा और एक पुत्र हरि पंडित था।

गृहस्थ जीवन में एकनाथ की दिनचर्या एक संत के समान थी। ब्रह्ममुहूर्त में उठकर पहले प्रातःस्म।रण और तत्श्चाकत गुरु-चिन्तमन करना। शौचादि एवं गोदावरी-स्ना।न से निवृत्त हो, सूर्योदय से पूर्व संध्याय-वन्दभन करना। सूर्योदय के बाद घर लौटकर देवपूजन, ध्यान-धारणा आदि करके श्रीमदभगवद्गीता- भागवत पुराणादि ग्रन्थों का पाठ अथवा श्रवण करना। मध्याह्न में पुनः गोदावरी-घाट पर जाकर संध्याग-तर्पण, ब्रह्मयज्ञ करना और तदनन्त र घर लौटकर बलिवैश्वनदेव तथा अतिथि-अभ्यागतों के पूर्ण सत्कानर के बाद स्व यं भोजन करना।

(शेष बॉलीवुड पेज पर)

## समाचार विश्लेषण : जापान में 'सुशी आतंकवाद' से अफरातफरी

सुशी जापान का मशहूर व्यंजन है। इससे जुड़ी इंडस्ट्री काफी बड़ी है। यहां कई सुशी रेस्तरांओं में कन्वेयर बेल्ट का सिस्टम होता है, जिसे काइटेनजुशी कहा जाता है। मगर अब इसको लेकर भय फैल गया है। ग्राहक इलके इस्तेमाल से हिचक रहे रहे हैं।

सुशी आतंकवाद की जापान में इन दिनों इसकी बड़ी चर्चा है। इसके कारण अरबों रुपये की सुशी इंडस्ट्री को ना केवल आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है, बल्कि रेस्तरांओं को बिजनेस के तौर-तरीके भी बदलने पर मजबूर होना पड़ पड़ रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इल्जाम है कि इन तीनों ने मशहूर रेस्तरां चेन्स में अनहाइजेनिक प्रैंक वीडियो बनाए। इसका वीडियो वायरल होने के बाद लोग बड़े नाराज हुए। लोगों ने इसे सुशी आतंकवाद का नाम दिया। कई ग्राहकों ने इन गंदे, भद्दे और गैर-सेहतमंद प्रैंक्स पर गहरी नाराजगी जताते हुए शिकायत की। लोग लिखने लगे कि ऐसी हरकतें देखने के बाद वो कन्वेयर बेल्ट वाले सुशी रेस्तरांओं में नहीं जाएंगे।

प्रैंक वीडियोज बनाने वाले ग्राहक काफी अनहाइजेनिक हरकतें करते दिखे। मसलन, एक वीडियो में शख्स ने पहले अपनी उंगली चाटी और फिर कन्वेयर बेल्ट पर आ रही सुशी को छुआ। एक और वीडियो में एक शख्स ने सॉस के कप को उठाकर उसकी पेंदी चाटी और उसे वापस शेल्फ पर रख दिया। एक वायरल वीडियो में एक आरोपी कन्वेनर बेल्ट से एक सुशी उठाता है और सोया सॉस की बोतल से मुंह लगाकर सॉस पीता है। ये बोतल अन्य ग्राहकों के इस्तेमाल के लिए भी थी। एक और वीडियो में एक शख्स पिकल्ड अदरक के डब्बे में सिगरेट का बचा हिस्सा रखता दिखा। ऐसे और भी कई वीडियो सामने आए, जिन्हें अलग-अलग सुशी रेस्तरांओं में रिकॉर्ड किया गया था।

ट्विटर और टिक टॉक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी ये वीडियो पोस्ट किये गये। इनमें कुछ हालिया, तो कुछ सालों पुराने भी थे। प्रभावित रेस्तरांओं में कुरा सुशी और सुशिरो शामिल हैं। कुरा सुशी के जापान भर में करीब 500 रेस्तरां हैं। प्रैंक वीडियोज के कारण इनके बिजनेस पर असर पड़ा। पिछले महीने सुशिरो के एक रेस्तरां का वीडियो सामने आया, जिसमें एक किशोर उम्र का ग्राहक साझा सोया सॉस की बोतल के ऊपरी हिस्से को चाटता दिखा। इसके बाद सुशिरो के शेयरों के दाम गिर गए।

जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, वो ऐसे ही प्रैंक वीडियो बनाने में शामिल थे। कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए स्थानीय पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तीन लोगों के एक ग्रुप की पहचान की गई। इनमें से दो- 21 साल के योगा योशिनो और 15 साल की एक लड़की की 8 मार्च को गिरफ्तारी हुई। प्रैंक ग्रुप का तीसरा सदस्य एक 19 साल का लड़का है, जिसे पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि इस प्रैंक ग्रुप के वीडियो के कारण सुशी रेस्तरां चेन कुरा को आपातकालीन सफाई करवानी पड़ी। इसके कारण बिजनेस भी प्रभावित हुआ।

जापान में साफ-सफाई और पब्लिक हाइजीन को खासा अहमियत दी जाती है। फिलहाल आरोपियों पर आरोप दर्ज नहीं हुए हैं, लेकिन उनपर जान-बूझकर बिजनेस में बाधा डालने के तहत मामला दर्ज हो सकता है। इसके अंतर्गत जापानी कानून में भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। तीन साल तक की जेल भी हो सकती है। कुरा सुशी ने आरोपियों पर हुई कार्रवाई का स्वागत किया है।

**होली के इस रंग में रच कर रतिपति का श्रृंगार होः डॉ. लोकेश तिवारी**

## मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा की मासिक इंगित काव्यगोष्ठी में बिखरी होली की बहुरंगी छटा



**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर के तत्वावधान में गत दिवस आयोजित मासिक ÷ इंगित काव्य गोष्ठी ÷ में कवियों ने विभिन्न रंगों से सराबोर होली पर आधारित काव्य पाठ कर कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधीर चतुर्वेदी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार राजकिशोर वाजपेयी ÷अभय÷ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश विकल मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा प्रारम्भ में सरस्वती पूजन अर्चन के पश्चात् काव्य पाठ के क्रम में ओम प्रकाश रिछारिया ने कहा , ÷हरिया सुन हरिया कितना आकाश भरे पंखों में ,और चोंच में दाने।÷अगले क्रम में जगमोहन श्रीवास्तव ने काव्य पाठ करते हुए कहा, ऋतु बसंत सुन आगमन, डूबे सुमन कुमार। कली कली योगन भरी ,फागुन करे श्रृंगार।। ज्योति दोहरे ÷दिनकर ÷ने काव्य पाठ करते हुए कहा,÷हजारों तीर्थों की अनुभूति सा तपोवन कहां मिलेगा।नेह की खुशबू लुटाने वाला घर सा गुलशन कहां मिलेगा।÷ डॉ. कमला शंकर मिश्र ने सुंदर गीत प्रस्तुत करते हुए कहा।÷गुरुजनों की कृपा हम तो पाते रहे। गीत गोविंद गोविंद के गुनगुनाते रहे।÷ कमलेश कैस ने अपनी ग़ज़ल प्रस्तुत करते ुए कहा ,÷ये शराब की दुकानें यहां से हटा दीजिए । यहां मंदिर मस्जिद है यह बता दीजिए।।÷ अगले क्रम में अमर सिंह यादव ने कहा,÷ सदा मापनी में करें कविता की बौछार। कैसे बांचें आज अब रंगों का त्योहार।।÷इसके पश्चात् डॉ. लोकेश तिवारी ने सुंदर कविता पढ़ते हुए कहा,÷÷ होली के रंग में रचकर रतिपति का श्रृंगार हो।÷ वरिष्ठ साहित्यकार विजय कृष्ण योगी ने काव्यपाठ करते हुए कहा,÷शब्द की शक्ति के लिए यथा व्याकरण चाहिए।सत्य की खोज के लिए तथ्यों का अनावरण चाहिए।।÷ अगले क्रम में काव्य पाठ करते हुए मोहन योगी ने कहा,÷बुलावे पर नहीं जाना बड़ी रुसवाई होती है ।पुराने दोस्तों से मिलना एक दवाई होती है।।÷ विशिष्ट अतिथि दिनेश विकल ने काव्य पाठ करते हुए कहा,÷ जिधर देखो उधर सजने लगे बाजार होली में।गुलाबी रंग बिकने को हैं तैयार होली में।।÷ मुख्य अतिथि राज किशोर वाजपेयी ÷अभय÷ ने कहा,डाले हैं अमर रंग होली में ,डूबते हैं सभी इस रंग होली में।।÷ डॉक्टर सुधीर चतुर्वेदी ने अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, ÷भइया मिल लो रे आज गले से ,मिल के आज परब आयो होली कौ।÷

कार्यक्रम के अंत में ग्वालियर की वरिष्ठ कवियत्री आरती खेड़कर के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई ।

## स्वर धारा साहित्यिक संस्था की मासिक गोष्ठी वरिष्ठ शायर विजय सेठी अकेला के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई




।जिसकी अध्यक्षता रामअवध विश्वकर्मा एवं मुख्य अतिथि रश्मि सबा तथा विशिष्ट अतिथि वसुंधरा व्यास एवं प्रकाश व्यास रहे। गोष्ठी का सफल संचालन देवेन्द्र राही द्वारा किया गया।सभी आमंत्रित कवियों शायरों ने कुछ इस तरह से पढ़ा। अंत में स्वल्पाहार एवं आभार रंजना सेठी द्वारा किया गया।

खूबसूरत कमाल देखें हैं,
उसके हुस्नों जमाल देखें हैं

**प्रतिपाल सिंह राजावत**

आओ भर दें रंग इस सुहाने जीवन में

**प्रीति कुशवाह**

झूठ मूठ के रिश्ते नाते हैं,
पिंजड़ा खुला उड़ जाते तोते हैं

**विजय करुण**

आ गई फिर से प्यार की होली ,
आग के रंग बहार की होली।

**रेखा दीक्षित**

दिल उनकी याद में तड़पता रहा इस कदर,
कटती नहीं है आजकल बस रात इन दिनों।

नयन किशोर श्रीवास्तव

छोड़ेंगे न अबकी श्याम तुम्हें अब होली में।

**रागिनी शर्मा**

मैं दिया हूं मेरी फितरत है उजाला करना,
वो समझते हैं कि मजबूर हूं जलने के लिए।

**रश्मि शर्मा सबा**

ग़म की परछाइयों ने घेरा जिसे,
वो जाये तो जाये कहां दोस्तों।

**बेलन ग्वालियरी**

गुनगुनी सी लग रही है चांदनी,
सर्द सी लगने लगी है धूप।

**वसुंधरा व्यास**

हां मैं बहती नदिया हूं
लहरें करती मेरा श्रंगार

**माला श्रीवास्तव**

रिश्तों की नातों की मन की भावनाओं की बातें छोड़कर कुछ और बातें करते हैं।दीप ज्योति गुप्ता

जो भी गुज़र रहा है खुशगवार है दोस्त,
काश ये लम्हें आयें बार बार ए दोस्त।

**प्रकाश व्यास**

खुद ही तमाम पाल के आज़ार खामख्वाह,
इस जिन्दगी को करते हैं दुश्वार खामख्वाह।

**रामअवध विश्वकर्मा**

चलो अब डूब लें तैरे हैं बहुत जिन्दगानी में,
सुना है लोग मोती पा गये हैं गहरे पानी में।

**देवेन्द्र राही**

दम टूट चुका फिर भी नजरें,
दर पर हैं लगी दीवाने की,
पथराई हुई पलकों में है
उम्मीद किसी के आने की।

**विजय सेठी अकेला**



■ विष्णु प्रिया सिंह

**यदि अचानक वजन बढ़ा है तो खाने में चीनी, नमक और ऑयल कम करके डॉयटरी फाइबर की मात्रा बढ़ायें। इसके लिये डाइट में शामिल करें ब्राउन राइस, मल्टीग्रेन आटा, बीन्स, मटर और सूखे मेवे। इससे वजन कम होने के साथ कॉन्सटीपेशन, हार्ट-प्रॉब्लम्स और कैंसर जैसी बीमारियों का रिस्क घटेगा। मेथीदाना पाउडर भी डॉयटरी फाइबर का रिच सोर्स है। लंच से एक घंटा पहले एक चम्मच मेथीदाना पाउडर पानी के साथ फांके, इससे वजन कम होने के साथ ब्लड शुगर भी ठीक रहेगी।**

# प्रि-मेनोपॉज होगा आसान बशर्ते......



टेक्निकली, प्रि-मेनोपॉज वह समय है जब महिलाओं में एस्ट्रोजन नामक सेक्स हारमोन का बनना कम होने लगता है। मेडिकल साइंस में इसे पेरिमेनोपॉज भी कहते हैं। अमूमन यह शुरू होता है 36 से 40 की उम्र में। एस्ट्रोजन बनाने का काम करती हैं ओवरीज। लेकिन अल्प मात्रा में इसे एड्रेनल ग्लैंड और फैट सेल्स भी बनाते हैं। उम्र बढ़ने के साथ शरीर में इसका प्रोडक्शन घटता है और यह प्रोसेस जारी रहता है मेनोपॉज तक।

एस्ट्रोजन कम बनने से अधिकतर महिलाओं को इरेगुलर पीरियड्स, एक्सेस ब्लीडिंग, मूड स्विंग, वजन बढ़ना, बाल झड़ना, हॉट फ्लेशेज़, नाइट स्वेट्स, लो-सेक्स ड्राइव और नींद में कमी जैसे लक्षण महसूस होते हैं। कुछ को ऑस्टियोपोराइसिस और ज्वाइंट पेन जैसी समस्यायें भी हो जाती हैं। इन सबका असर पड़ता है क्वालिटी ऑफ लाइफ पर। बहुत सी महिलायें तो डिप्रेशन का शिकार हो जाती हैं।

प्रि-मेनोपॉज की ये समस्यायें कैसे मैनेज की जायें जब इस सम्बन्ध में मैंने इस क्षेत्र के विशेषज्ञों से बात की उनका कहना था कि यह एक नेचुरल प्रोसेस है, जिसे रेगुलर चेकअप के साथ लाइफस्टाइल और डाइट में बदलाव करके आसानी से मैनेज कर सकते हैं।

प्रि-मेनोपॉज के दौरान अगर अचानक वजन बढ़ा है तो खाने में चीनी, नमक और ऑयल कम करके डॉयटरी फाइबर की मात्रा बढ़ायें। इसके लिये डाइट में शामिल करें ब्राउन राइस, मल्टीग्रेन आटा, बीन्स, मटर और सूखे मेवे। इससे वजन कम होने के साथ कॉन्सटीपेशन, हार्ट-प्रॉब्लम्स और कैंसर जैसी बीमारियों का रिस्क घटेगा। मेथीदाना पाउडर भी डॉयटरी फाइबर का रिच सोर्स है। लंच से एक घंटा पहले एक चम्मच मेथीदाना पाउडर पानी के साथ फांके, इससे वजन कम होने के साथ ब्लड शुगर भी ठीक रहेगी। सुबह-सुबह खाली पेट एक ग्लास मेथीदाना वाटर पियें, इससे मेन्सुरल पेन में आराम मिलेगा और इरेगुलर पीरियड, रेगुलर होंगे।

ऑस्टियोपोराइसिस का रिस्क कम करने के लिये डाइट में कैल्शियम, फास्फोरस, पोटेशियम, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन K और विटामिन D से भरपूर फूड आइटम जैसे दूध, दही, पनीर, अंडे, हरी सब्जियां और सेब इत्यादि शामिल करें। इससे हड्डियां मजबूत होने के साथ अनिद्रा जैसी समस्यायें दूर होंगी और प्रि-मैच्योर मेनोपॉज का रिस्क घटेगा।

हॉट फ्लेशेज और नाइट स्वेटिंग में राहत के लिये डाइट में ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर फूड आइटम्स जैसे फ्लेक्स सीड, शिया सीड, सन-फ्लावर सीड और फिश की मात्रा बढ़ायें।

प्रि-मेनोपॉज में एस्ट्रोजन लेवल घटने से बोन्स के साथ मसल्स भी वीक होने लगती हैं इसलिये डाइट में उन चीजों को एड करें जिनसे एस्ट्रोजन लेवल बढ़े, जैसे अच्छी क्वालिटी का प्रोटीन। और सबसे अच्छा प्रोटीन मिलता है एग-व्हाइट से। वैसे तो बादाम, सोयाबीन, दालें, मीट, मछली, दूध और पनीर भी प्रोटीन रिच फूड आइटम है लेकिन एग-व्हाइट प्रोटीन सबसे बेहतर है। इसलिये डाइट में अंडों की मात्रा बढ़ायें।

शरीर में एस्ट्रोजन लेवल बढ़ाने के लिये आपको अपने वेट के हिसाब से प्रोटीन खाना होगा। अगर बॉडी वेट 60 केजी है तो रोजाना 60 से 70 ग्राम प्रोटीन लें, यानी एक केजी पर 1 ग्राम। चना, राजमा, लोबिया, मूंगफली, ज्वार और बाजरा भी रिच प्रोटीन सोर्स हैं। इन्हें अपनी डाइट में शामिल करें। अंगूर, आलूबुखारा और ग्रीन टी का नियमित सेवन एस्ट्रोजन लेवल बढ़ाने में हेल्प करता है।

प्रि-मेनोपॉज में अच्छी डाइट के साथ सप्लीमेन्ट्स भी लें। ये ऑस्टियोपोरोसिस का रिस्क घटाने के साथ इनर्जी लेवल मेन्टेन रखते हैं, विशेष रूप से कैल्शियम, विटामिन डी और मैग्नीशियम सप्लीमेंट। अगर बाल झड़ रहे हैं तो बॉयोटिन सप्लीमेंट लें। हॉट फ्लेशेज, अनिद्रा और डिप्रेशन कम करने में ग्रेप सीड सप्लीमेंट बहुत फायदेमंद है। थकान, एंग्जॉयटी और स्ट्रेस दूर करने के लिये जिनसेंग और हेल्दी हार्ट के लिये ओमेगा-3 फैटी एसिड लें।

डेली 30 मिनट रेगुलर एक्सरसाइज करें। खुद को रिलेक्स करने के लिये योगा और मेडीटेशन को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनायें। हॉट फ्लेशेज महसूस होते ही धीमी और गहरी सांसें लेना शुरू करें। इससे हॉट-फ्लेशेज में कमी आने के साथ मूड-स्विंग, डिप्रेशन, एंग्जॉयटी, सेडनेस और आइडेन्टिटी क्राइसिस जैसी समस्याओं में राहत मिलती है।

अगर नींद नहीं आती तो सोने से पहले स्नान करें। इससे नाइट-स्वेट्स की समस्या दूर होगी। सोते समय कॉफी, सोडा-ड्रिंक और एल्कोहल का सेवन न करें, इनसे नींद डिस्टर्ब होती है और शरीर पर इनका असर समाप्त होता है करीब छह घंटे में।





# राज्यपाल द्वारा किया हितग्राहियों से संवाद व प्रदर्शनी का अवलोकन

## आंगनबाड़ी बच्चों के साथ चर्चा के दौरान बच्चे को गोद में बिठाकर किया दुलार

पुष्पांजली टुडे

गुना। जिले के मोहनपुरखुर्द तहसील बमोरी में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का सोमवार को प्रात- 09 बजे आगमन हुआ। जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा हेलीपेड पर स्ड़वागत किया गया एवं पुलिस बल द्वारा गार्ड आफ ऑनर के द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम स्थल मोहनपुरखुर्द तहसील बमोरी में राज्ड़यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा सर्वप्रथम आंगनबाड़ी में बच्चों से संवाद किया। उनसे दीवार पर बने चित्रों को दिखाकर उनके नाम पूछे साथ ही बच्चों को बुलाकर उन्होंने अल्फाबेट की जानकारी ली। बच्चों को अपनी गोद में बिठाकर उन्हें दुलार किया और बातचीत की। इस दौरान उनकी अगवानी में परम्ड़परागत आदिवासी नृत्य के साथ स्वागत किया गया, कार्यक्रम स्ड़थल पर सिकल सेल एनीमिया एवं स्ड़वास्ड़थ्ड़य शिविर का अवलोकन किया एवं राज्ड़य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्ड़वसहायता समूह द्वारा उत्ड़पाद सामग्री, कृषि, उद्यानिकी व मत्ड़स्ड़य विभाग के उत्ड़पाद तथा राजस्ड़व तथा ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

**विभिन्ड़न योजनाओं के हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव किए साझा**–आज कार्यक्रम के दौरान राज्ड़यपाल श्री मंगुभाई पटेल के समक्ष प्रधानमंत्री आवास, राज्ड़य ग्रामीण आजीविड़का मिशन एवं प्रधानमंत्री किसान सम्ड़मान निधि के हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्रीमती अनीता पटेलिया राधेश्याम स्वसहायता समूह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि समूह में जुड़ने से पूर्व उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, परन्तु समूह से जुड़ने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति सुदृड़ हुई, अपने परिवार की आय में वृद्धि हुई हैं। इसी आय में से उन्होंने अपने पति को ट्रेक्टर दिला दिया है। कार्यक्रम में दूसरे हितग्राही श्री काशीराम पटेलिया ने बताया कि मुझे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि



और मुख्यमंत्री सम्मान निधि की 2-2 हजार रूपये की किश्तें बराबर मिल रही है, इस कारण अब मुझे साहूकारों से कर्जा लेना नहीं पड़ता, इस राशि से मेरे परिवार की जरूरत पूरी होने मे मदद मिली है। इसके बाद राजेश बारेला ने बताया कि मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत पक्का मकान मिल गया है। अब बरसात मे मेरे परिवार को कोई परेशानी नहीं होती है। इस अवसर पर सभी हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया गया।

**योजनाओं के हितग्राहियों को किया गया हितलाभ वितरण**–इस दौरान माननीय राज्यपाल द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। इनमें सर्वप्रथम भूपेंद्र सिंह लोधा को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि उपकरण के लिये 37.00 लाख रूपये का ऋण, दूसरे हितग्राही साक्षी बारेला की मां को लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत आश्वासन पत्र दिया गया तथा तीसरे हितग्राही स्वसहायता समूह की सुनीता पटेलिया को उनके समूह 02 लाख 11 हजार रूपये सीसीएल का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये माननीय राजपाल द्वारा संबोधन के दौरान कहा कि सरकार ने सिकल सेल एनीमिया नामक बीमारी को खत्म करने का संकल्प लिया है। इस बीमारी से पूरी तरह मुक्ति पाना है। जिस तरह देश ने टीबी से जंग लड़ी है, उसी तरह सिकल सेल एनीमिया को भी जड़ से खत्म करने के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत है। यह अनुवांशिक रोग है। ट्राइबल इलाके में सिकल सेल ज्यादा है। स्वास्थ्य महकमा, आंगनवाड़ी में कार्य करने वाले साथी आंगनवाड़ी में जाएं और उन्ड़हें जागरूक करें। अगर एक-दो बच्चों को सिकल सेल निकलता है, तो उसके घर जाएं। पूरे परिवार की जांच करें। पहले सैंपल दूसरी जगह भेजे जाते थे, इसलिये जांच रिपोर्ट आने में समय लगता था। अब ऐसी व्यवस्था कर दी गयी है कि जांच होते ही रिपोर्ट मिल जाएगी। जिन हितग्राहियों को आवास मिला है, उसका जीवन आनंदमय हो जाता है। आज एक-एक घर को ढूंढकर सरकार आवास दे रही है। बहनों को स्व सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया है। जो पड़े-लिखे लोग हैं, वह सरकार की योजनाओं को लें और अपने आस-पास के लोगों को भी ऐसी योजनाओं की जानकारी बताएं। हमें समाज को आगे बड़ाना है। प्रधानमंत्री कहते हैं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। इसी को लेकर हमें आगे बड़ना है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों द्वारा परम्परागत रूप से धनुष-बाण सौंपकर राज्ड़यपाल महोदय का सम्मान किया एवं पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, गुना विधायक गोपीलाल जाटव, कलेक्टर फ्रेंक नोबल ए., पुलिस अधीक्षक पंकज श्रीवास्तव, अपर कलेक्ड़टर श्री आदित्ड़य सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण एवं अन्ड़य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन मुख्ड़य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रथम कौशिक द्वारा किया गया।

# लोक सेवा केंद्र पर परेशान ना हो आवेदक अन्यथा होगी कार्यवाहीः कलेक्टर

## लाडली बहना योजना के क्रियान्वयन के संबंध में नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण

पत्रकार अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी।** कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने इस सोमवार को आयोजित अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक में लाडली बहना योजना के संबंध में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभी 25 मार्च से आवेदन जमा होना शुरू होंगे। इसके लिए कैंप लगाए जाएंगे। आवेदक के पास आधार और समग्र आईडी होना चाहिए। आवेदक का ईकेवाईसी होना जरूरी है। इसके अलावा अन्य दस्तावेज जैसे आय प्रमाण पत्र और मूल निवासी आदि की जरूरत नहीं है। लोक सेवा केंद्र पर इन दस्तावेजों के लिए आवेदक परेशान ना हो। लोक सेवा केंद्र



के माध्यम से भी यह जानकारी दी जाए। यदि सीएससी पर दस्तावेजों के लिए आवेदक परेशान हुए तो संबंधित सीएससी पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रशिक्षण आयोजित करें और सचिव, सीएससी,एमपी ऑनलाइन वालों को प्रशिक्षण दें। इसके अलावा सभी सीएससी की ग्राम बार मैपिंग की जाए। जिलाधिकारियों की भी वार्डवार और ग्राम पंचायतों के क्लस्टर बनाकर ड्यूटी लगाई जाएगी। जिलाधिकारी उनको दिए गए क्षेत्र में मॉनिटरिंग करेंगे। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की गई। इसके अलावा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को बंद पड़ी नल जल योजना और आगे की कार्यवाही के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अभी बोर्ड परीक्षा भी संचालित की जा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी को पारदर्शी तरीके से बोर्ड परीक्षाएं संपन्न कराने के लिए निर्देश दिए हैं।

# एनएसएस में होता है छात्रों का सर्वांगीण विकासः राजीव रंजन

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना




पिछोर,शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम नांद में 11 मार्च 2023 से संचालित है जिसका आज द्वितीय दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजीव रंजन तिवारी उपस्थित रहे उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास की बात कही साथ ही वक्ता के रूप में श्री शोभाराम गौतम डॉक्टर बाबूलाल कुम्हारे तथा एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर नरसिंह भिड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम पूरी दिनचर्या के साथ संचालित रहा बौद्धिक सत्र में विद्वजनों का लगातार बौद्धिक प्राप्त हो रहा है इस अवसर पर एनएसएस के सभी शिविरार्थी उपस्थित रहे।

# रन्नौद नगर पालिका की लापरवाही शौचालय गंदगी से गुजरते हुए श्रद्धालु

**मंदिर के रास्ते में अपार गंदगी का ढेर हनुमान भक्तों के साथ अन्याय का फेर**

पुष्पांजली टुडे, संवादाता हरिओम परिहार

रन्नौद। नगर पालिका सीएमओ की लापरवाही हनुमान जी के मंदिर के रास्ते में रखा नगर परिषद में शौचालय श्रद्धालु भक्तगण गंदी में होते हुए निकलते हैं कई बार तो भक्तगण रास्ते से ही लौट आते हैं कई दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसमें दुकानदारों के पास ग्राहक आते हैं और लौट जाते हैं बदबू के कारण नगर परिषद में गंदगी का माहौल देखने को मिल रहा है जिसमें कई दुकानदारों ने बहुत गंभीर आरोप लगाए हुए हैं जिसकी शिकायत कई बार कर चुके हैं आज दिन तक कर्मचारियों पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है नगर परिषद रन्नोद निवासी गणों ने बताया है कि कई बार तो अध्यक्ष को हम इस चीज की जानकारी दे चुके हैं कि रास्ते में मंदिर जाते समय बहुत ही बुरी गंदगी से गुजरना पड़ता है लेकिन अध्यक्ष कह देते हैं कि आज या कल या परसो ऐसे कहते-कहते कई दिन बीत चुके हैं और महीने बीत चुके हैं लेकिन मंदिर जाने का रास्ता भी तक साफ नहीं करवाया गया है भक्त गणों के लिए जाने के लिए बहुत बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ता है तब जाकर भगवान के दर्शन कर पाते हैं रन्नोद नगर पालिका वार्ड 11 का यह मामला है जो आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है और ना ही नगर की समस्या का समाधान किया गया है हर जगह गंदगी नजर पसार फैली हुई है नगर के लोग गंदगी के कारण बीमार होते जा रहे हैं और बीमारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा हैसंबंधित अधिकारी नगर पालिका सीएमओ अनदेखी कर रहे हैं।



# नगरपालिका के छोटे-छोटे कामों के लिए दिन भर चक्कर लगाते हैं हितग्राही

पत्रकार अनिल कुशवाह पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी–** शिवपुरी नगर पालिका भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारियों से भरी पड़ी हुई है जिसमें कुछ अधिकारी तो अपना काम पूरी ईमानदारी से करते हैं लेकिन

## बिना दक्षिणा के नहीं होता कोई भी कार्य

ज्यादातर अधिकारी कर्मचारी अपने काम के लिए बिल्कुल भी इमानदारी नहीं दिखाते और जब भी उनसे किसी काम के लिए मिलना होता है तो ज्यादातर ऐसा ही होता है कि वह अधिकारी अपनी सीट पर मौजूद नहीं रहता फोन लगाने पर कहता है मैं अभी क्षेत्र में हूं अब जिस कर्मचारी का कार्य नगरपालिका के अंदर ऑफिस वर्क है वह पता नहीं किस क्षेत्र का दौरा करता रहता है ऐसा ही एक मामला आज देखने को मिला जिसमें नगर पालिका के नामंत्रण विभाग में नामांतरण के लिए लोगों की लगी फाइल सालों से डली हुई है लेकिन इतने ईमानदार और कर्मठ कर्मचारी हैं कि वह जब तक लोगों को 50 चक्कर नहीं लगवा लेते तब तक वह किसी भी फाइल को देखते भी नहीं है उनसे पूछने पर वह बताते हैं की यह फाइल 1 साल की डली है यह फाइल 4 साल की डली है अब मैं कहां तक फाइलों को देखूं जबकि नगर पालिका के नामांतरण कक्ष में यदि कोई फाइल सालों से डली है तो उस पर कार्य क्यों नहीं हुआ नगर पालिका के नामांतरण कक्ष में बैठने वाले अशोक खरे से जब अपनी फाइल के बारे में बात की गई तो वह कहते हैं कि मैंने इस बाबू को बोल दिया है ऑनलाइन करने के लिए उस बाबू को बोल दिया है ऑनलाइन करने के लिए आज कंप्यूटर खराब है मेरा सिस्टम नहीं चल रहा है अब इन सब के लिए क्या हितग्राही जिम्मेदार है या वह व्यक्ति जिम्मेदार हैं जो अपने कार्यो को कराने के लिए नगरपालिका के चक्कर काटते रहते हैं फिर भी उनका कार्य नहीं हो पाता है नगर पालिका के कर्मचारी इतने भ्रष्ट हो चुके हैं कि उनको इस बाप से भी फर्क नहीं पड़ता की कोई व्यक्ति अपना कितना कीमती समय निकालकर तुम्हारे ऑफिस के चक्कर लगाता है और तुम उससे बोल देते हो की तुम्हारा काम अभी नहीं हुआ और लगातार चक्कर लगाने के बाद भी कार्य नहीं हो पाता है नगर पालिका में नामांतरण की प्रक्रिया में 45 से 60 दिन लगते हैं जबकि नगर पालिका के कर्मचारी नामांतरण की प्रक्रिया में 3 से 4 साल लगा रहे हैं इस विषय में जब सीएमओ केशव सिंह सगर से बात की गई तो उन्होंने बताया की नामांतरण की प्रक्रिया में समय लगता है इस प्रक्रिया में 2 महीने से ज्यादा लग जाते हैं और हमारे नगरपालिका में कोई भी हितग्राही परेशान नहीं हो रहा है और कोई चक्कर नहीं लगा रहा है जबकि इनको तो अभी ढंग से अपने कर्मचारियों के नाम तक नहीं पता चल पाए हैं जबकि नगर पालिका अधिकारियों के चक्कर लगा लगा कर हितग्राही अपना कार्य ही भूल जाता है क्योंकि उसको इतना परेशान नगर पालिका के कर्मचारी और अधिकारियों के द्वारा कर दिया जाता है ठीक है परेशान हो जाता है और आखिर में रिश्वत देने को मजबूर हो जाता है जो कि नगर पालिका के कर्मचारी लेने के लिए तैयार रहते हैं क्योंकि बिना रिश्वत के तो वह किसी भी फाइल को खोलेंगे भी नहीं।




# दो पहिया वाहनों का अड्डा बना पेयजल टंकी

## जब यह जानकारी नगर पालिका सीएमओ को दी गई तो वो अपना बचाव करते नजर आए

पुष्पांजली टुडे
राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

पिछोर। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शिवपुरी शाखा पिछोर के मुख्य द्वार पर पेयजल टंकी रखी हुई है उपभोक्ताओं के लिए ठंडा ठंडा वाटर कूल की व्यवस्था की गई लेकिन मौके पर बात कुछ अलग ही बयान करती है शासकीय कर्मचारियों द्वारा पेयजल टंकी के अंदर दो पहिया वाहन रखने के लिए अनुकूल जगह चुनी गई है ना ही उपभोक्ताओं के लिए कोई पेयजल की सुविधा है वहां पर खाली एक नमूना पेयजल का बना रखा है दूरदराज से मजदूर एवं किसान लोग सहकारी बैंक पर लेनदेन करने के लिए आते है लेकिन उपभोक्ताओं के लिए पीने के लिए पानी भी नसीब नहीं होता है बाकायदा स्कूटी रखी हुई है और बहुत कुछ सामान भी रखा हुआ है ऊपर से ताला जड़ा हुआ इसी तरीके से अगर ऐसा ही चलता रहा तो कुछ वृद्ध महिला पुरुषों एवं बच्चों के लिए गर्मियों के मौसम मे पानी ना मिलने से कोई बीमार होने का खतरा बनता है उपभोक्ताओं के लिए पानी पीने के लिए कहां से आएगा पेयजल टंकी कई महीनों से खराब पड़ी हुई जब यह जानकारी संबंधित अधिकारी को दी गई तो, नगर पालिका सीएमओ राघवेंद्र पालिया अपना पल्ला झाड़ते नजर आए।

**इनका कहना है**

वह पेयजल टंकी मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं आती है यह पीएचई विभाग के अधिकार क्षेत्र में वाटर कूल टंकी आती है

**नगर पालिका सीएमओ राघवेंद्र पालिया**







# इंस्टाग्राम पर उर्वशी रौतेला ने बनाया रिकार्ड

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली अभिनेत्री बन गयी हैं। उर्वशी रौतेला सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली अभिनेत्री में शामिल हो गयी हैं।उर्वशी रौतेला ने 62.8 मिलियन फॉलोअर्स के साथ इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली सेलिब्रिटी बन चुकी है। और उन्होंने अनुष्का शर्मा और सलमान खान जैसे दिग्गज कलाकारों को पछाड़ दिया है।अनुष्का शर्मा के इंस्टाग्राम पर करीब 62.6 मिलियन फॉलोवर्स है।

अभिनेत्रियों में कृति सेनन के 52.9 मिलियन, दिशा पटानी के 56.9 मिलियन, सारा अली खान के 41.7 मिलियन, कियारा आडवाणी के 29 मिलियन, अनन्या पांडे 24.3 मिलियन और जाह्नवी कपूर के 21.2 मिलियन फॉलोवर्स है। वहीं अभिनेताओ में सलमान खान के इंस्टाग्राम पर 59 मिलियन फॉलोवर्स है। इसके अलावा ऋतिक रोशन के 45 मिलियन फॉलोअर्स, वरुण धवन के 45.4 मिलियन फॉलोअर्स, रणवीर सिंह के 43.2 मिलियन फॉलोअर्स और कार्तिक आर्यन के 28.3 मिलियन फॉलोअर्स है।



# रैंप पर चलने से पहले नर्वस थी जीनत अमान

मुंबई में आयोजित एक फैशन शो में रैंप पर चलने से पहले दिग्गज बॉलीवुड स्टार जीनत अमान काफी नर्वस थी। जीनत लाल और काले रंग के आउटफिट में शोस्टॉपर के रूप में चलीं और रैंप पर चलते हुए अपने बालों को भी फ्लॉन्ट किया। वॉक से ठीक पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर पर्दे के पीछे की एक तस्वीर साझा की। उन्होंने इसे कैप्शन दिया: इस सुबह की रैंप वॉक से पहले पर्दे के पीछे की तस्वीर। मेरा पैंटसूट आरामदायक है। मैं भूल गई थी कि बैकस्टेज पर होना कितना मुश्किल है!

शोटाइम करीब आ रहा है और फैशन शो की हलचल साफ दिख रही है। मैं इस बात से इनकार नहीं कर सकती कि मैं थोड़ी नर्वस हूं। हमारे प्रतिभाशाली डिजाइनरों और मॉडलों के लिए इस तरह के आयोजनों को सुचारू रूप से चलाने वाले सभी तकनीशियनों, कामगारों और सुरक्षा कर्मियों को हार्दिक धन्यवाद। रैंप पर चले एक मिनट हो गया है, और मुझे जो प्यार मिल रहा है, उससे मैं अभिभूत हूं -- फैशन वीक में शाहीन की शोस्टॉपर बन कर। काम के मोर्चे पर, जीनत अमान जल्द ही वेब सीरीज 'शोस्टॉपर' के साथ अपना ओटीटी डेब्यू कर रही हैं।

# 'योद्धा' के लिए सिद्धार्थ ने शुरू की शूटिंग



अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी अगली एक्शन थ्रिलर 'योद्धा' की शूटिंग फिर से शुरू कर दी है। रविवार की सुबह सिद्धार्थ ने इंस्टाग्राम पर अपनी स्टोरीज पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो शहर का एक श्य दिखाता है और उस पर सुबह 6 बजे का टाइम स्टैम्प लगा है। कैप्शन के लिए उन्होंने लिखा: हैशटैग योद्धा। पुष्कर ओझा और सागर अंब्रे द्वारा निर्देशित थ्रिलर 'योद्धा' एक हाइजैकिंग कहानी पर आधारित फिल्म है। इसमें सिद्धार्थ एक्शन से भरपूर भूमिका में और बिल्कुल नए अवतार में हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ को-स्टार दिशा पटानी और राशि खन्ना नजर आएंगी। इसके अलावा रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली 'द इंडियन पुलिस फोर्स' भी उनके पास है जो एक्शन से भरा है।

# श्रुति हसन ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रुति हसन ने सोशल मीडिया पर वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। श्रुति हसन अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं।श्रुति अपनी फिटनेस का काफी ख्याल रखती है। श्रुति अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट के दौरान की वीडियो साझा करती रहती हैं। श्रुति हसन ने एक लंबे ब्रेक के बाद सोशल मीडिया पर अपने फिटनेस रूटीन का वीडियो शेयर किया है। इस किक-बॉक्सिंग वर्कआउट वीडियो में उनकी फिटनेस और स्टेमिना साफ तौर पर देखी जा सकती है। श्रुति हसन काफी स्ट्रिक्ट फिटनेस रूटीन फॉलो करती हैं। श्रुति ने वीडियो शेयर कर लिखा, बैक टू ट्रेनिंग!! एक लंबे ब्रेक के बाद मैं अपने ट्रेनर इरफान खान के साथ ट्रेनिंग करने वापस आ गई हूं।

विचार पेज का शेष

# मराठी के कवि, संत एकनाथ

तत्पाश्चा त विद्वानों और भक्तों के साथ बैठकर आत्मभचर्चा करना। सायंकाल फिर गोदावरी तट पर जाकर संध्या -वन्दवन करना और वहाँ से लौटकर धूप-दीप के साथ भगवान की आरती और स्तो त्रपाठ करना। इसके अनन्तार कुछ हल्का-सा आहार करके मध्या रात्रि तक भगवत्की र्तन करना अथवा वेदोपनिषद-पुराणादि का अध्यतयन करना। मध्य रात्रि से लेकर चार घंटे तक शयन करना। यही उनकी दिचर्या में शामिल थी।



एकनाथ के यहाँ सदा बड़ी भीड़-भाड़ रहती थी, फिर भी इनका सारा काम मजे में चलता था। अन्नर-दान और ज्ञान-दान का प्रवाह इनके यहाँ निरन्तड बहा ही करता था। क्षमा, शान्ति, समता, भूतदया, निरहंकारता, निस्संनगता, भक्तिपरायणता आदि समस्तव दैवी सम्पतियों के निधान, एकनाथ महाराज के दर्शनमात्र से असंख्यन स्त्रीन-पुरुषों के पाप-ताप-संताप नित्यइ निवारित होते थे। इनका जीवन बद्धों को मुमुक्षु बनाने, मुमुक्षुओं को मुक्तच करने और मुक्तों को पराभक्ति का परमानन्दस दिलाने के लिए ही था। इनके परोपकारमय निःस्पृ ह साधु जीवन की अनेकों घटनाएं हैं, जिनसे इनके विविध दैवीगुण प्रकट होते हैं। उनके जीवन की कुछ घटनाएँ यथा, एक अछूत के खोए हुए बेटे को हरिजनवाड़ा ले जाना, अछूतों को अपने पिता के श्राद्ध में ब्राह्मण के लिए पका हुआ भोजन खिलाना, गधे को गंगोदक खिलाना और पत्थर के नंदी को घास से भरना यह दर्शाने के लिए काफी है कि उन्होंने व्यापक अद्वैत वेदांत का अपना शाब्दिक अर्थ निर्मित किया गया था।

संत एकनाथ ने अपने कर्मों से लोगों को मनुष्य में ईश्वर के दर्शन की शिक्षा दी। रंजल्या गंजली के घर जाकर लोगों की सेवा की। और समाज में भक्ति का मार्ग भी प्रशस्त कर जीवन भर जातिगत भेदभाव को खत्म करने का प्रयास किया। एकनाथ ने कर्मकांड और कर्मठ होते हुए जगदंबा का उपयोग समाज को सुधारने के लिए किया। एकनाथ ने अभंगराचन, भारुड़, जोगवा, गवलनी, गंडाल की सहायता से बाए दर भोक कहकर जनजागृति की। संत एकनाथ संतकवि, पंतकवि और तांतकवि थे। उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से जनता का मनोरंजन और ज्ञानवर्द्धन किया। वह स्वयं को एक जनार्दन कहते थे, और एक जनार्दनी उनका आदर्श वाक्य है।

महाराष्ट्र की अत्यंत विषम अवस्था में इन्होने साहित्यसृष्टि की। उस समय मराठी भाषा, उर्दू-फारसी से दब गई थी। दूसरी ओर संस्कृत के पंडित देशभाषा मराठी का विरोध करते थे। इन्होंने मराठी के माध्यम से ही जनता को जागृत करने का बीड़ा उठाया। एकनाथ की प्रमुख रचनाएँ चतुश्लोकी भागवत, पौराणिक आख्यान और संतचरित्र, भागवत, रुक्मिणी स्वयंवर, भावार्थ रामायण मानी जाती हैं। इन्होंने मराठी एवं हिन्दी में कई सौ अभंग, गवलानी भी लिखे। इन्होंने हस्तामलक, शुकाष्टक, स्वात्मसुख, आनंदलहरी, गीतासार, चिरंजीव पद इत्यादि आध्यात्मिक विवेचन पर कृतियों एवं लोकगीतों (भारुड) का भी लेखन किया। श्रीमद्भागवत पुराण एकादश स्कंध की मराठी टीका- चतुष्लोकी भागवत एकनाथ की सर्वोत्कृष्ट ओर प्रथम रचना है। यह ग्यारहवें स्कंद पर भाष्य है।

अपने समाधिस्थ होने अर्थात अपनी निर्वाण तिथि का भी उन्हें पूर्व से ही भान था। एकनाथ ने अपने घर में रहने वाले श्रीखंडी से अपने प्रयाण का दिन बताते हुए कहा था – चैत्र कृष्ण षष्ठी (महाराष्ट्र में फाल्गुन वाद्य षष्ठी) मेरे गुरुजी का जन्मदिन और निर्वाण दिवस है। फिर हमारा जन्म दिन भी है, हमारा निर्वाण भी इसी दिन होगा, क्योंकि मेरा कार्य अब समाप्त हो गया है। और वास्तव में परोपकारमय निःस्पृहह साधु जीवन से, उपदेश से, दान से सबका उपकार करते हुए गृहस्थााश्रम का दिव्यर आदर्श सबके सामने रखकर अन्तस में संवत 1656 विक्रमी (1599 ई.) की चैत्र कृष्ण षष्ठीा को एकनाथ ने गोदावरी तीर पर अपना शरीर छोड़ा। तब से इस दिन को एकनाथ षष्ठी के नाम से जाना व मनाया जाता है। इस दिन पैठण में उनका समाधि उत्सव मनाया जाता है।

बहुरंग

# फैमिली को मिस कर रहे हैं एनटीआर जूनियर



अभिनेता एनटीआर जूनियर एक पारिवारिक व्यक्ति के रूप में जाने जाते है, जो अन्य चीजों के बजाय अपने परिवार के साथ समय बिताना पसंद करते हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान, जब पत्रकार ने उन्हें अपने बेटों की तस्वीरें दिखाई, तो उनकी प्रतिक्रिया ने लोगों को हैरान कर दिया। जब केटीएलए न्यूज के एंकर ने उन्हें अपने बेटों और पत्नी के साथ एक इंस्टाग्राम पोस्ट दिखाया, तो उनकी प्रतिक्रिया थी: हे भगवान! उन्हें देखो। मैं उनको पहले से मिस कर रहा हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके बेटों को पता है कि वह ऑस्कर में भाग ले रहे हैं, तो एनटीआर जूनियर ने जवाब दिया: वे जानते हैं कि मैं एक अभिनेता हूं, लेकिन अभी उन्हें पता नहीं है कि मैं ऑस्कर में आया हूं, लेकिन हां मैं एक दिन अपने बच्चों को यह बताऊंगा कि मैं ऑस्कर में क्यों गया और मैं रेड कार्पेट पर चला हूं और कैसे विश्व स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना एक गर्व की बात है।

झिलमिल

# कार्तिक आर्यन पहुंचे न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन पहली बार न्यूयॉर्क पहुंचे और यहां तक कि टाइम्स स्क्वायर पर भी नजर आए। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर बिग एप्पल में जाने की अपनी एक तस्वीर साझा की। क्लिप में, प्रशंसकों का एक समूह कार्तिक का अभिवादन करते हुए और यहां तक कि उन पर फिल्माए गए गानों के हुकस्टेप्स करते हुए भी दिखाई दे रहा है।

उन्होंने कैप्शन दिया: न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर पर ग्वालियर बॉय, सभी प्रशंसकों को मुझे इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद और शहर में मेरी पहली यात्रा को यादगार बना दिया। यू हैव माई हार्ट। काम के मोर्चे पर कार्तिक, जिन्हें हाल ही में 'शहजादा' में देखा गया, अगली बार 'सत्य प्रेम की कथा' और 'भूल भुलैया' की तीसरी किस्त सहित कई फिल्मों में दिखाई देंगे। उनके पास 'आशिकी 3' और कबीर खान की अनटाइटल्ड अगली फिल्म भी है।

# शर्मिला टैगोर ने मनोज बाजपेयी के अभिनय को सराहा



बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी ने साझा किया कि कैसे दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर ने उनकी फिल्म 'गुलमोहर' की शूटिंग के दिनों में उनके द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। 'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'सत्या', 'कौन?', 'शूल', 'राजनीति' और 'अलीगढ़' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए पहचाने जाने वाले मनोज ने कहा, मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि मैं आखिरकार शर्मिला टैगोर के साथ काम किया है। मुझे याद है कि जब फिल्म के लिए रीडिंग हो चुकी थी और कार्यशाला का चरण जो मैं आयोजित कर रहा था, शुरू होने वाला था, इसलिए, हम सभी को उम्मीद थी कि शर्मिला टैगोर चली जाएंगी। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। इसके बजाय, वह थीं 'गुलमोहर' के निर्माण के दौरान अविश्वसनीय रूप से सहायक। मनोज बाजपेयी और शर्मिला टैगोर अपनी फिल्म 'गुलमोहर' के प्रमोशन के लिए 'द कपिल शर्मा शो' पर आ रहे हैं। प्रोमो में मनोज ने कहा, कार्यशालाएं उसके लिए नहीं होने के बावजूद, उसने पूरे दिल से सभी अभ्यासों में भाग लिया और पूरी तरह से प्रक्रिया में शामिल थी। और यह शर्मिला की महानता है। 'गुलमोहर' एक पूर्ण पारिवारिक ड्रामा है, जो शर्मिला के चरित्र, कुसुम और उसके बेटे के साथ मनोज द्वारा निभाए गए रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। 'गुलमोहर' में कुसुम एक केंद्रीय शख्सियत हैं जो अपने परिवार के लिए महत्वपूर्ण फैसले लेती हैं और अंत तक उन्हें साथ रहने की कोशिश करती हैं।

क्राईम ब्रांच व थाना मुरार पुलिस की हथियार तस्करों के खिलाफ संयुक्त कार्यवाही

# ग्वालियर पुलिस की अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही में दो तस्करों को 11 देशी कट्टा एवं 08 राउण्ड सहित किया गिरफ्तार





म दोनों तस्करों के पास से 11 कट्टे 315 बोर एवं आठ जिंदा राउण्ड 315 बोर के जप्त किए गये।

ग्वालियर। 13.03.2023। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों तथा अपराधियों के विरूद्ध जिले में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही के दौरान दिनांक 13.03.2023 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि थाना मुरार क्षेत्रान्तर्गत लाल टिपारा गौशाला के पास मो0सा0 सवार एक सॅदिग्ध व्यक्ति पिट्ठू बैग में अवैध हथियार लेकर उन्हे बेचने की फिराक में खड़ा है। उक्त सूचना पर से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने तत्काल अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश दण्डोतिया को क्राईम ब्रांच की टीम भेजकर मुखबिर सूचना की तस्दीक कराकर कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया। अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) द्वारा क्राईम ब्रांच व थाना मुरार पुलिस बल की संयुक्त टीम बनाकर मुखबिर सूचना की तस्दीक कर उक्त बदमाशों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में सीएसपी लश्कर/डीएसपी अपराध श्री षियाड़ के.एम.,भापुसे एवं सीएसपी मुरार श्री विनायक शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक अमर सिंह सिकरवार और थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक संजीव नयन शर्मा के द्वारा क्राईम ब्रांच व थाना मुरार पुलिस बल की संयुक्त टीमें बनाकर उन्हे मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु लगाया गया। पुलिस टीमें मुखबिर के बताये स्थान लाल टिपारा गौशाला के पास पहुंची, तो वहां पर पुलिस टीमों को सूनसान स्थान पर एक सॅदिग्ध व्यक्ति मो0सा0 लिये खड़ा दिखाई दिया, जिसने पुलिस टीम को देखकर मो0सा0 सहित भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये सॅदिग्ध के पास मिले पिट्ठू बेग को चैक किया गया तो उसमें 315 बोर के 06 देशी कट्टे एवं 04 जिंदा राउण्ड व एक मोबाइल रखे मिले। पुलिस टीम द्वारा अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह मैनपुरी(उ0प्र0) का रहने वाला है व अपने एक अन्य साथी से साथ मिलकर इन हथियारों को स्थानीय सप्लायर्स को बेचता है उसके साथी के संबंध में गहनता से पूछताछ करने पर उनसे बताया कि वह कुछ देर में बड़ागांव फायरिंग रेंज के पास, मोहनपुर रोड़ पर मिलने वाले थे। उक्त तस्कर की निशादेही पर पुलिस टीम ने तस्कर के बताये स्थान बड़ागांव फायरिंग रेंज के पास, मोहनपुर रोड़ पर जाकर देखा तो वहां उनको सड़क के किनारे एक सॅदिग्ध व्यक्ति हाथ में बेग लिये खड़ा दिखाई दिया जिसने पुलिस टीम को देखकर मो0सा0 सहित भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये सॅदिग्ध के पास मिले बेग की तलाशी लेने पर उसमें 315 बोर के 05 देशी कट्टे एवं 04 जिंदा राउण्ड व एक मोबाइल रखे मिले। पकड़े गये दोनों आरोपियों के पास से पुलिस टीम ने कुल 11 देशी कट्टे, 08 जिंदा राउण्ड एवं दो मोबाइल जप्त किये। पकड़े गये आरोपियों से मिले अवैध हथियारों के संबंध में पूछताछ करने पर उनके एक साथी ने बताया कि वह ग्राम भदेही थाना बेवर जिला मैनपुरी से देशी कट्टे व राउण्ड लाता है एवं अपने साथी के साथ मिलकर लोकल ग्राहकों को सप्लाय किया करता है। पकड़े गये दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना मुरार में आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर उनसे मिले अवैध हथियारों के संबंध में पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

**जप्त मशरूका:** 11 कट्टे 315 बोर मय 08 जिंदा राउण्ड, दो मोबाइल एवं एक प्लेटिना मोटर सायकिल।

**सराहनीय भूमिका: उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक अमर सिंह सिकरवार, थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक संजीव नयन शर्मा, क्राईम ब्रांच की टीम- सउनि0 दिनेश सिंह तोमर, प्रआर0 सतेन्द्र कुशवाह, मनोज एस0, भगवती सोलंकी, नरवीर राना, आर0 विकास सिंह, संतोष वर्मा, अजय राठौर, योगेन्द्र तोमर, पवन झा, अभिषेक तोमर, सोनू परिहार, सोरव चौहान, म0आर0 सक्षम दुबे, थाना मुरार की टीम- उपनिरीक्षक अतरसिंह कुशवाह, सउनि0 रणवीर सिंह, आर0 पंकज सिंह तोमर, योगेन्द्र सिकरवार की सराहनीय भूमिका रही।**

# ग्राम रोजगार सहायकों ने प्रदेश संगठन के आह्वान पर 5 दिन के अवकाश पर रहने सीईओ को दिया ज्ञापन



दैनिक पुष्पांजली टुडे

आज जनपद पंचायत गोहद के समस्त ग्राम रोजगार सहायक जनपद अध्यक्ष दीपेंद्र तोमर के नेतृत्व में अपने नियमितीकरण और वेतनवृद्धि की लंबित माँगो को लेकर प्रदेश संगठन म.प्र रोजगार सहायक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रीतेश तिवारी के आव्हान पर 5 दिवशीय अवकाश पर जाने के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहद को ज्ञापन सौपा जिसमे साई कौन है नियमितीकरण और वेतन वृद्धि की मांग मांग के चलते 5 दिन का सामूहिक अवकाश पर रहने का आग्रह किया है

पक्षियों की हिफाजत करना अति आवश्यक :डॉ शोभा सिकरवार

# राजावत निवास पर बर्ड हॉउस का हुआ शुभारम्भ





पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।**दीनदयाल नगर स्थित राजावत हॉउस 20 बर्ड हॉउस श्री सुधीर कुशवाह द्वारा लगाए गए जिसका शुभारम्ब ग्वालियर की महापौर डॉ शोभा सतीश सिकरवार जी पार्षद श्रीमती जितेंद्र मंजुलाता जी एबं राहुल जी द्वारा राजावत परिवार के साथ किया.कार्यक्रम में राजावत परिवार के मुखिया श्री मोहन सिंह कुशवाह जी द्वारा का स्वागत किया और बर्ड हॉउस की महेतवता के बारे में बताया..कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रुप में महापौर डॉ शोभा सिकरवार जी उपस्थित थी उन्होने अपने उधवोदन में सभी को बताया की ये बहुत ही सराणीय कार्य है और राजावत परिवार बधाई के पत्र है उन्होने सभी से निबेदन भी किया की हर व्यक्ति अपने निवास पर भी लगाए क्यों की पक्षियों की हिफाजत करना हमारी पहली प्राथमिकताकार्यत्रम में विशेष अथिति के रुप में पार्षद श्रीमती जितेंद्र मंजुलता कुशवाह उपस्तित थीकार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में श्री राहुल सिंह जी नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका भिंड उपस्थित थेकार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्रीय निवासी श्री राकेश सिंह चौहान जी श्री हरी सिंह भदौरिया जी एडवोकेट संतोष सिंह राघवेंद्र सिंह तोमर सचिन राजावत श्री अच्छेद्र सिंह कुशवाह श्री जितेंद्र सिंह कुशवाह रियांश सिंह अनिकेत सिंह श्रीमती आरती चौहान पिंकी कुशवाह सभुद्रा राजावत गायत्री कुशवाह शिवानी कुशवाह ज्योति सिकरवार अनन्या सिंह पूर्वी सिंह आदि लोग उपस्थितकार्यक्रम का संचालन डॉ रविन्द्र सिंह कुशवाह द्वारा किया गयाआभारी श्री अच्छेद्र सिंह कुशवाह द्वारा किया गया

सीएनजी वाहन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक पहलः महापौर डॉ शोभा सिकरवार

# नगर निगम द्वारा क्रय किए गए 36 नवीन वाहन, अतिथियों ने पूजन कर किया निगम बेडे में शामिल





**ग्वालियर।-** नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में स्वच्छता के कार्यों को गति प्रदान करने एवं प्रदूषण कम करने के उददेश्य से क्रय किए गए वाहनों से जहां निगम अमला तकनीकि एवं संसाधनों की ओर से मजबूत होगा, वहीं सीएनजी टिपर वाहनों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सकारात्मक पहल होगी। उक्ताशय के विचार महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने आज नगर निगम द्वारा क्रय किए गए 36 नवीन वाहनों के पूजन अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष श्री हरिपाल, निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल, अपर आयुक्त श्री आर के श्रीवास्तव, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, सिटी प्लानर श्री पवन सिंहल, सहायक सिटी प्लानर श्री सुरेश अहिरवार, कार्यशाला प्रभारी श्री शैलेन्द्र सक्सैना सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा 15वें वित आयोग से प्राप्त राशि से 2 करोड 18 लाख 34 हजार 800 रुपए से 2 नग 3डीएक्स एक्सकेवेटर कम लोडर मशीन, 4 नग बडे डम्पर 10.5 क्यूबिक मीटर क्षमता के एवं 2 नग मिनी डम्पर 5 क्यूबिक मीटर क्षमता के क्रय किए गए है। इन सभी वाहनों का उपयोग सी एंड डी वेस्ट कलेक्शन एवं डिस्पोजल प्लांट तक परिवहन के लिए किया जाएगा।इसके साथ ही नगर निगम निधि से 1 करोड 81 लाख 16 हजार की लागत से 28 नए सीएनजी डोर टू डोर क्लोज्ड टिपर वाहन 2 क्यूबिक मीटर क्षमता के क्रय किए हैं। इनका उपयोग प्राइमरी डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए किया जाएगा। निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि उपरोक्त वाहन आने के बाद नगर निगम में डोर टू डोर टिपर वाहन 238 हो जाएंगे तथा निगम बेडे में कुल वाहन 609 हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि निगम के अमले द्वारा अब और तेजी से स्वच्छता का कार्य किया जाएगा तथा संसाधनों की जो कमी महसूस की जा रही थी इन वाहनों के आने से अब यह कमी बहुत हद तक कम होगी। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सभी वाहनों का पूजन करने के बाद हरीझंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# राजस्व वसूली करने पर बिजली विभाग के उप महाप्रबंधक द्वारा कर्मचारियों को किया सम्मानित



अनिरूद्ध त्रिपाठी

ग्वालियर । बिजली विभाग के राजस्व में उत्कृष्ट कार्य करने पर विभाग के उप महाप्रबंधक रोशनी घर संदीप शाक्य के द्वारा राजस्व वसूली के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर बिजली विभाग के कर्मचारियों को रोशनी घर स्थित कार्यालय पर कर्मचारियों को सम्मानित किया गया सम्मान पाने वाले कर्मचारियों में टीकम यादव संविदा लाइन परिचालक एवं मदन रैकवार परीक्षण सहायक को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया एवं उनसे आशा की गई कि आने वाले समय मैं भी वह ऐसे ही कार्य करते रहेंगे उप महाप्रबंधक संदीप शाक्य रोशनी घर के द्वारा कहा गया कि आज हमें ऐसे ही कर्मचारियों की आवश्यकता है जो मेहनत कर विभाग के द्वारा दिए हुए कार्य को अपने मेहनत लगन से करें उन्होंने दोनों कर्मचारियों को माला बनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की


स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478